
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



कपड़ों से बनाया ......



समर कैंप व फंक्शन में जाने ......

वर्ष : 10 | अंक : 169 | लखनऊ, 29 मई, बुधवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# यूपीपीएसी का नाम सुन घरों में दुबक जाते हैं दंगाई: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर, मीरजापुर, पटना साहिब और आरा लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित
- बोले सीएम, लोकसभा का ये चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच
- कांग्रेस व सपा को जनता वहां पहुंचा देगी, जहां उनका कोई नाम लेने वाला नहीं होगा : सीएम
- दंगाइयों की रीढ़ तोड़ने वाली पीएसी की 54 कंपनियों को सपा ने कर दिया था समाप्त, हमने बहाल किया: सीएम
- कभी शिक्षा के लिए राजनाथ सिंह को भी मीरजापुर से बाहर जाना पड़ा था पर अब यहां विश्वविद्यालय और मेडिकल कॉलेज भी है : योगी
- बोले सीएम, लोकसभा प्रत्याशी रवि शंकर प्रसाद ने कोर्ट में धारा 370 की लड़ाई लड़कर आतंकवाद के ताबूत पर ठोकी अंतिम कील
- आरजेडी बिहार में अंधेरा रखना चाहती है ताकि अंधेरे में डकैती पड़ती रहे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ :** लोकसभा चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। एक तरफ भगवान राम को नकारने वाले, रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले, राम मंदिर को बेकार बनाने वाले लोग हैं तो दूसरी तरह पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त कराकर प्रभु रामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान कराने वाले लोग हैं। राम मंदिर पूरे भारत की सनातन आस्था का प्रतीक है इसलिए आज पूरे देश मे एक ही स्वर सुनाई पड़ रहा है, "रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर"। तुष्टिकरण की राह पर चलने वाली कांग्रेस और सपा को देश की जनता वहां पहुंचा देगी, जहां उनका कोई नाम लेने वाला नहीं होगा। मीरजापुर विकास की दौड़ में बुलेट ट्रेन की स्पीड से दौड़ रहा है। भीषण गर्मी में कभी पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसने वाले इस क्षेत्र में हर घर नल योजना क्रियान्वित हो रही है। बहुत जल्द जल की समस्या का स्थायी समाधान भी हो जाएगा। 2014 के पहले मीरजापुर में मेडिकल कॉलेज कल्पना थी पर आज यहां मेडिकल कॉलेज है। अगले वर्ष मीरजापुर में विश्वविद्यालय का उद्घाटन करने भी आएंगे। कांग्रेस जबरदस्ती देश पर



धारा 370 लादे हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 को हटाकर आतंकवाद को पूरी तरह खत्म कर दिया है। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने न्यायालय में इस लड़ाई को लड़ा और हमेशा के लिए कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर आतंकवाद के ताबूत पर अंतिम कील ठोकने का काम किया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अपनी धुआंधार जनसभा में कही। उन्होंने गोरखपुर, मीरजापुर, पटना साहिब और आरा लोकसभा सीट पर लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की।

## रामद्रोही कभी चैन से नहीं बैठ पाया, उसकी दुर्गति हुई है

सीएम योगी ने गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में रामलाल को विराजमान करने के लिए 500 वर्षों की प्रतीक्षा के कालखंड को समाप्त करने वाले रामभक्त हैं। ये वो रामभक्त हैं जिन्होंने रामलला के विराजमान होने से पहले अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि के नाम पर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनवाया, श्रीराम के सखा निषादराज के नाम पर प्रतीक्षालय बनवाया, माता शबरी के नाम पर भोजनालय बनवाया। ये वो रामभक्त हैं जो प्रयागराज में निषादराज की 56 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित कराते हैं, निषादराज को पूरा सम्मान देते हैं। ऐसे में निषादराज के कोई भी अनुयाई रामद्रोहियों के साथ खड़े नहीं हो सकते। रामद्रोही कभी चैन से नहीं बैठ पाया है। वह कितना ही बड़ा क्यों ना हो, कितना ही ताकतवर हो, उसकी दुर्गति जरूर हुई है, उसका पतन जरूर हुआ है। उन्होंने कहा कि रामभक्त प्रभु के आशीर्वाद से प्रगति पर ध्यान देते हैं। आज रामभक्त देश के विकास के लिए, टूलेन से लेकर ट्वेल्व लेन सड़क बनाने के लिए, एम्स, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम, एयरपोर्ट बनाने के लिए, हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए, औद्योगिकीकरण के लिए काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि पीपीगंज पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह की कर्मभूमि रही है। साथ है यह पूर्व की पनियरा और मानीराम विधानसभा क्षेत्र का जंक्शन भी है जहां एक तरफ से स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह और दूसरी तरफ से उनके पूज्य गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ जी महाराज प्रतिनिधित्व करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन दोनों महापुरुषों ने इस धरा को विकास की मुख्य धारा के साथ जोड़कर के यहां के लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का काम किया है। सीएम ने कहा कि क्षेत्र के लोग उनके परिवार के लोग हैं और यहां उनकी औपचारिक भाषण देने की इच्छा नहीं होती है। यहां आने पर उनके मन में सिर्फ लोगों के द्वारा किए गए संघर्ष और उसके परिणामस्वरुप आए बदलाव को लेकर भाव होता है। यहां उन्हें बार-बार आना अच्छा लगता है। मुख्यमंत्री ने कहा यह वर्ष हमारे लिए विशेष है। गोरखपुर से जो आंदोलन 1949 और 1983 से प्रारंभ हुआ था, 1986 में जब स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री थे जब मंदिर का ताला खुला था। आज जब उस स्थान पर प्रभु श्रीरामलला विराजमान हो गए हैं तो उस साल होने वाले चुनाव में गोरखपुर में रिकॉर्ड वोट मिलने चाहिए।

## पहले मीरजापुर के नौजवनों को पढ़ाई के लिए बाहर जाना पड़ता था

सीएम ने मीरजापुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यहां का नौजवान पढ़ने बाहर जाता था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हों या भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, इन्हें भी पढ़ने मीरजापुर से बाहर जाना पड़ा था। कोई दूसरे जनपद तो कोई रिश्तेदार के घर और छात्रावास रहने जाता था। साधन का अभाव था, फिर भी मेहनत से पढ़ते थे पर अब मीरजापुर वाले भी कह सकेंगे कि यहां विश्वविद्यालय है। रिश्तेदार आकर यहां अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। मां विंध्यवासिनी के त्रिकोण में रोपवे के लिए कार्य या वॉटर वे के माध्यम से कोलकाता व हल्दिया को जोड़ने के लिए प्रयागराज, वाराणसी, बलिया होते हुए हल्दिया तक की कनेक्टिविटी बढ़ाने का कार्य, मीरजापुर अब कहीं भी पीछे नहीं रहने वाला क्योंकि अच्छा जनप्रतिनिधि चुनने से परिणाम भी अच्छा आता है। सीएम योगी ने कहा कि मां विंध्यवासिनी का भव्य कॉरिडोर बन रहा है। इस बार नवरात्रि में 35 लाख श्रद्धालु मां विंध्यवासिनी का दर्शन करने आए थे। कॉरिडोर बनने के बाद यह संख्या एक करोड़ हो जाएगी। ऐसा होते ही टैक्सी, होटल, फूल, दुकान, नाव वाले भी कमाएंगे। इस पूरे जनपद का नाम देश-दुनिया में होगा। सीएम ने अनुप्रिया पटेल की तारीफ करते हुए कहा कि पूरे देश में मीरजापुर के ओडीओपी पीतल के उत्पाद की ब्रांडिंग करती हैं। सपा ने दंगाइयों की रीढ़ तोड़ने वाली पीएसी की 54 कंपनियों को समाप्त कर दिया था। हमने फिर सभी कंपनियों को बहाल किया।

# चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ तेज की जाएगी कार्रवाई : पीएम मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के दुमका में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के चौबीसों घंटे लूट में लगे रहने के कारण 2014 से पहले घोटाले आम थे लेकिन मोदी ने इसे रोका। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में पिछले 10 साल के मुकाबले और विकास कार्य देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस की लगातार लूट के कारण झारखंड को अब नकदी के पहाड़ों के लिए जाना जाता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि देश में चार जून



के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई तेज की जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने कहा कि खटट, कांग्रेस और फखऊ खुलेआम, बेशर्मी के साथ धमकी दे रहे हैं। वो कह रहे हैं कि मोदी को हटाना है, ताकि उनको फिर से घोटाले करने का मौका मिल सके। खटट और कांग्रेस झारखंड को हर तरह से लूट रहे हैं। यहां इतने खूबसूरत पहाड़ है, लेकिन झारखंड की चर्चा नोटों के पहाड़ के लिए हो रही है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने जमीनें हड़पने के लिए अपने माता-पिता का नाम बदल दिया। अब गरीबों और आदिवासियों की जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। इन लोगों ने तो सेना की जमीन को भी लूट लिया। आपको झारखंड को इन लोगों से मुक्ति दिलानी ही होगी।

# रिटायर्ड आईएएस के घर लूटपाट और पत्नी की हत्या करने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़; एक घायल, दो गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। इंदिरानगर सेक्टर 20 में सेवानिवृत्त आइएएस देवेंद्र नाथ दुबे के घर लूटपाट और पत्नी मोहिनी की हत्या करने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ कुकरैल बंधे पर कल्याण अपार्टमेंट के पास दोपहर हुई। मुठभेड़ में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। दोनों की शिनाख्त तेलीबाग निवासी अखिलेश और रवि के रूप में हुई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से अखिलेश घायल हो गया। अखिलेश और रवि दोनों भाई हैं। दोनों



ही देवेंद्र नाथ दुबे के घर कार चलाते थे। घायल अखिलेश को अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। पुलिस उसके भाई रवि से पूछताछ कर रही है।

## बरामदगी के दौरान हुई मुठभेड़

पुलिस के अनुसार, पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में पता चला था कि हत्यारोपित अखिलेश ने बंधा रोड पर कुकरैल नदी के जंगल मे बैग छुपाकर रखा था, जिसमे जेवर और रुपये हैं। पुलिस हत्यारोपित अखिलेश उसके भाई रवि और तीसरे आरोपित रंजीत को लेकर बैग बरामदगी के लिए जंगल में पहुंची थी। बरामदगी के दौरान अखिलेश ने बैग में रखा तमंचा निकाल लिया और पुलिस टीम पर फायर करने लगा। पुलिस की जवाबी फायरिंग में अखिलेश को गोली लगी, वह घायल हो गया। अखिलेश की फायरिंग में गाजीपुर थाने का सिपाही बालकुंज भी घायल हुआ। पुलिस ने अखिलेश, रवि और रंजीत को गिरफ्तार कर लिया है।

## यह थी घटना

थाना गाजीपुर में कुछ दिन पहले रिटायर्ड आईएएस अधिकारी की पत्नी की हत्या उनके घर पर हुई थी, जिसके चलते मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच पड़ताल में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। मुख्य आरोपी अखिलेश ने बताया था कि उसने ज्वेलरी और कुछ अन्य सामान एक बैग में करके कुकरैल पुल की झाड़ियों में छुपा दिया था, जिसके चलते पुलिस बैग को रिकवर करने के लिए मौके पर आरोपी के साथ आई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सूरजपुर में छत से गिरकर युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के निकट सूरजपुर कस्बे में रहने वाले एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में छत से गिरकर मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूरजपुर थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान कपिल (22) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से मध्य प्रदेश के छतरपुर कस्बे का रहने वाला था और फिलहाल सूरजपुर में रह रहा था। उन्होंने बताया कि कपिल सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में छत से नीचे गिर गया, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अधिकारी ने बताया कि कपिल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### डंपर ने मजदूरों को कुचला, एक की मौत, दो अन्य घायल

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

मुंबई, महाराष्ट्र के ठाणे जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे निर्माण स्थल पर एक डंपर (एक प्रकार का ट्रक) ने तीन मजदूरों को कुचल दिया, जिससे एक की मौत हो गई और दो अन्य मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, जिले के कसारा इलाके में वाशला पुल के समीर रविवार रात करीब साढ़े 11 बजे यह दुर्घटना हुई। कसारा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि निर्माण स्थल पर काम कर रहे मजदूर सड़क किनारे सो रहे थे तभी वहां से गुजर रहे डंपर ने उन्हें कुचल दिया।

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बॉबी कटारिया 'मानव तस्करी नेटवर्क' चलाने के आरोप में गिरफ्तार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, गुरुग्राम पुलिस के पीआरओ संदीप कुमार का कहना है, "केंद्रीय एजेंसी के इनपुट पर, गुरुग्राम पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर छापेमारी की थी, जिसे बॉबी कटारिया ने कहा था कि वह उसे नौकरी दिला सकता है। कटारिया ने उस व्यक्ति से 4 लाख रुपये लिए थे।" और उनके दोस्त को लाओस भेज दिया गया जहां उन्हें पीटा गया और वहां काम करने के लिए मजबूर किया गया।



## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बॉबी कटारिया गिरफ्तार

अधिकारियों ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस ने सोमवार को सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बॉबी कटारिया को अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी नेटवर्क चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया। कटारिया को गुरुग्राम पुलिस और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा गुरुग्राम के सेक्टर-109 स्थित उनके आवास पर की गई संयुक्त छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान अधिकारियों को कई संदिग्ध दस्तावेज और भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई। कटारिया को गुरुग्राम पुलिस द्वारा उनके खिलाफ दर्ज की गई एक एफआईआर के बाद गिरफ्तार किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने और अन्य मानव तस्करों ने 150 से अधिक भारतीयों को बंदी बना लिया था, उनके पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज जब्त कर लिए थे और उन्हें एक चीनी कंपनी के लिए साइबर धोखाधड़ी कार्यों में मजबूर किया था। एफआईआर में यह भी कहा गया है कि पीड़ितों के साथ गंभीर दुर्व्यवहार भी किया गया। गोपालगंज, उत्तर प्रदेश के अरुण कुमार और धौलापुर, हापुर के मनीष तोमर ने गुरुग्राम पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि बॉबी कटारिया ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर विदेशी नौकरी के अवसरों का विज्ञापन किया।

# बच्चों के अस्पताल में आग के बाद एक्शन में आप सरकार

### दिल्ली के सभी अस्पतालों में हो फायर ऑडिट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विवेक विहार में एक नवजात शिशु देखभाल केंद्र में आग लगने से छह नवजात शिशुओं की मौत के एक दिन बाद, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के सभी अस्पतालों को अग्नि सुरक्षा ऑडिट करने और 8 जून तक राज्य स्वास्थ्य विभाग को अनुपालन रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ दिल्ली सचिवालय में एक बैठक के बाद भारद्वाज ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अस्पताल आग की घटनाओं से निपटने के लिए सुसज्जित हों। अधिकारियों ने बताया कि यह बैठक शनिवार देर रात लगी आग के बाद शहर के अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। भारद्वाज ने कहा कि नियम है कि 9 मीटर से कम ऊंचाई वाले अस्पतालों को फायर एनओसी (अनापत्ति प्रमाणपत्र) की आवश्यकता नहीं है। यही कारण है कि इस अस्पताल के पास फायर एनओसी भी नहीं थी. अब, हमने निर्देश जारी किए हैं कि सभी अस्पतालों, चाहे एक मंजिला या दो मंजिला, उनके परिसर में आग से निपटने के लिए सभी सुरक्षा इंतजाम होने चाहिए।

# इंसान की सहनशक्ति से ज्यादा बढ़ रही है गर्मी

## भीषण हीटवेव घोंटने लगी है लोगों का दम

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत इस समय भीषण गर्मी का सामना कर रहा है, खासकर दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और अन्य हिस्सों में। तो, क्या आप कभी गर्मी के दिनों में बाहर चले हैं और तुरंत आपको ऐसा महसूस हुआ कि गर्मी से आपका दम घुट रहा है? या शायद आपने हीटवेव के दौरान गीले बल्ब तापमान या वेट-बल्ब शब्द का प्रयोग सुना होगा। गर्म मौसम में सुरक्षित और स्वस्थ रहने के लिए वेट बल्ब तापमान और इसके प्रभाव को समझना महत्वपूर्ण है। वेट-बल्ब तापमान गर्मी एवं आर्द्रता की वह सीमा है, जिसके आगे मनुष्य उच्च तापमान को सहन नहीं कर सकता है। वेट बल्ब तापमान रुद्धोष्म संतृप्ति का तापमान है। यह हवा के प्रवाह के संपर्क में आने वाले एक नम थर्मामीटर बल्ब द्वारा इंगित तापमान है।

सरल शब्दों में, यह सबसे कम तापमान है जिसे निरंतर दबाव पर हवा में पानी को वाष्पित करके प्राप्त किया जा सकता है। यह आमतौर पर ज्ञात शुष्क बल्ब तापमान से भिन्न है, जो हवा में मौजूद नमी को ध्यान में रखे बिना वास्तविक हवा के तापमान को मापता है।

गीले बल्ब का तापमान आर्द्रता, हवा की गति और वायु दबाव जैसे कारकों से प्रभावित होता है। इसे आमतौर पर एक विशेष थर्मामीटर का उपयोग करके मापा जाता है जिसे वेट बल्ब थर्मामीटर कहा जाता है, जिसके बल्ब से एक पतली कपड़े की बाती जुड़ी होती है। बाती को पानी में भिगोया जाता है, और जैसे ही पानी वाष्पित हो जाता है, यह थर्मामीटर के बल्ब को ठंडा कर देता है, जिससे हमें गीले बल्ब का तापमान मिल जाता है।

अब जब हम जानते हैं कि वेट बल्ब तापमान क्या है, तो आइए जानें कि यह क्यों मायने रखता है। वेट बल्ब तापमान का हमारे शरीर की पसीने के माध्यम से ठंडा होने की क्षमता से गहरा संबंध है। जब वेट बल्ब का तापमान कम होता है, तो हमारा पसीना आसानी से हवा में वाष्पित हो जाता है, जिससे हमारे शरीर से गर्मी दूर हो जाती है और हम ठंडे रहते हैं। हालाँकि, जैसे-जैसे वेट बल्ब तापमान बढ़ता है, हवा में नमी भी बढ़ती है, जिससे हमारे पसीने का प्रभावी ढंग से वाष्पीकरण करना मुश्किल हो जाता है। जब हम लंबे समय तक उच्च वेट बल्ब तापमान के संपर्क में रहते हैं तो इस प्रक्रिया के हमारे स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पसीने के माध्यम से हमारे शरीर को ठंडा करने में असमर्थता के कारण गर्मी से थकावट हो सकती है या यहां तक कि हीटस्ट्रोक भी हो सकता है। अगर इलाज न किया जाए तो ये स्थितियाँ जीवन के लिए खतरा हो सकती हैं।

# वाराणसी में राहुल-अखिलेश की संयुक्त रैली, निशाने पर रहे पीएम मोदी

- शहजादे इस बार शह और मात देने का काम करेंगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वाराणसी लोकसभा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय के समर्थन में संयुक्त जनसभा में जनता से वोट अपील की। इस दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि ये जोश और उत्साह इस बार परिवर्तन के लिए वोट करने जा रहा है। इस बार का चुनाव ऐसा चुनाव उत्तर प्रदेश में देखने को मिल रही है कि क्योटो की सीट भी हारने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग डबल ताकत हो गए हैं, वो डबल जीरो हो गए हैं। जो कहते थे कि हम डबल इंजन की सरकार है उन्होंने यहां के लोगों के साथ धोखा करने का काम



किया है। डबल इंजन का यहां धुआं निकलता दिखाई दे रहा है।

अखिलेश ने कहा कि जो घबराए हुए लोग हैं, हम लोगों को शहजादा बोल रहे हैं, वो सुन लें दोनों शहजादे इस बार शह देने जा रहे हैं, मात भी देंगे। जिन्होंने मां गंगा की कसम खा करके कहा था मां गंगा साफ हो जाएंगी, मां गंगा तो साफ नहीं हुई लेकिन जितना भी बजट आया था सब साफ हो गया। उन्होंने कहा कि ना निवेश आया, ना कारखाने लगे, आज 10 साल बाद जब पीछे मुड़कर देखते हैं तो ये दीवाली का रॉकेट भी नहीं बना पाए। बनारस वाले जानते होंगे वो सुतली का बम भी नहीं बना पाए, ये जो जी-20 का आयोजन हुआ था, जी-20 का मतलब है 2 गुजरात के बाकी बीजेपी के जीरो।

अखिलेश ने कहा कि जो 4 सौ पार का नारा लगा रहे थे, उनको डर सता रहा है 4 सौ हार का। इस बार देश की 140 करोड़ जनता इनको 140 सीट के लिए भी तरसा देगी। उन्होंने कहा कि अब तो भाषा भी बदल गई, अब तो क्योटो की हार से जबान भी लड़खड़ाने लगी है, ये देश की जनता उनकी पुरानी कहानियों को सुनना नहीं चाहती है। आप क्योटो से जिता देना हम लोग खुशियों के दिन ले आएंगे। उन्होंने कहा कि जो नारी सम्मान की बात कर रहे थे, वो कुछ कुछ याद दिला रहे थे लेकिन प्रधान सांसद ये भूल गए कि बीएचयू में जो बेटियों के साथ घटना हुई थी वो सब बीजेपी के लोग थे। वहीं, राहुल गांधी ने कहा कि चमचों ने सवाल किया हिंदुस्तान में अमीर लोग अमीर हो रहे हैं गरीब लोग गरीब इसके बारे में क्या सोचते हो, नरेंद्र मोदी ने कहा कि तुम क्या चाहते हो मैं सबको गरीब बना दूं। इन्होंने 16 लाख करोड़ रुपए अमीरों के माफ किए, अब हम करोड़ो रूपए गरीब परिवारों को देने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान के सभी गरीब परिवारों की लिस्ट बनेगी, हर परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा, 5 जुलाई को आप अपना बैंक अकाउंट देखोगे तो कठऊकअ की सरकार ने खटाक से 8500 रुपए डाले होंगे।

## अज्ञात बुजुर्ग सड़क पर मृत पड़ा मिला

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मऊ रेलवे क्रासिंग के पास सड़क पर सोमवार की रात एक 70वर्षीय अज्ञात बुजुर्ग को मरणासन्न हालत में पड़ा देख उधर से गुजरे लोगो ने पुलिस को सूचना दी ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस आनन-फानन बुजुर्ग को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी लेकर गयी, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।पुलिस आस-पास गांवो के लोगो को बुलाकर मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास किये लकिन नाकाम रही ? ।लोगो ने बताया बुजुर्ग मानसिक विक्षिप्त था काफी दिनो से रेलवे क्रासिंग के आस-पास ही रहता था ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग के सड़क पर गिरने से सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से मौत होने की बात सामने आयी है ।मृतक बुजुर्ग के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है पीएम में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी ।मृतक के शव की शिनाख्त कराने के भी प्रयास किये जा रहे है।

# किसान यूनियन ने बिजलीघर पर किया प्रदर्शन

## तेज धूप गर्मी के बीच बिजली कट, लोगों को किया जीना दुश्वार

● बिजली कटौती से त्राहिमाम कर रहे लोग



बिजली घर पर विद्युत विभाग के खिलाफ, नारेबाजी करते, भाकियू के लोग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। क्षेत्र में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती से लोग परेशान आसमान से मानो आग बरस रही हो. इस बीच बिजली कटौती आग में घी डालने का काम कर रही है. माल क्षेत्र में कई घंटे बिजली काटी जा रही है। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान के नेतृत्व में किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ माल पावर हाउस पहुंचकर हंगामा और नारेबाजी की, जिसके चलते पुलिस को बीच में आना पड़ा. और विद्युत विभाग के खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाकर विरोध दर्ज कराया गया।

भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान ने कहा कि इन दिनों बिजली कटौती से दिन व रात में बार-बार बिजली गुल होती रहती है. क्षेत्र में कभी-कभी तो 24 घंटे में तकरीबन तीन से चार घंटे तक बिजली गुल रह जाती है. रात से लेकर सुबह बीच बार-बार बिजली गुल होने से लोग रतजग्गा करने को मजबूर हो जाते हैं. इससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना कर रहा पड़ रहा है।

### बिजली कटौती से बागों की सिंचाई हो रही बाधित

किसान परेशान हैं कटौती की वजह से बागों की सिंचाई नहीं कर पा रहे बागवान 24 घंटे में महज कुछ घंटे बिजली मिल रही है। किसान यूनियन द्वारा पॉवर हाउस पर किए जा रहे प्रदर्शन में बिजली विभाग के खिलाफ मुदार्बाद के जमकर लगे नारे, प्रदर्शन होता देख विभाग के हाथ पाऊं फूल उठे। तभी एसडीओ सहित उच्च अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर वार्ता कर आश्वासन दिया कि चौबीस घंटों में कुछ घंटे ही लाइट बाधित रहेगी बाकी सुचारू ढंग से चालू रहेगी बिजली विभाग के अफसरों के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त हुआ। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक जिलाध्यक्ष अतुल कुमार दीक्षित समेत कई किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एक्सियन लखनऊ शोभित दीक्षित ने बताया कि शहर और ग्रामीण क्षेत्र में तापमान बढ़ने से छोटे फाल्ट और ट्रिपिंग होने से ज्यादातर लाइन पर फाल्ट हो रहा है।

# काशी में उलझी कांग्रेस! बाकी सीटों से हटा फोकस

बड़े नेताओं ने प्रचार के लिए डाला डेरा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में कांग्रेस काशी में उलझ गई है। रायबरेली के चुनाव के बाद अधिकतर कांग्रेस नेताओं ने काशी में प्रचार के लिए डेरा डाल दिया है। इसके चलते बाकी की सीटों से पार्टी का ध्यान हट गया है। सातवें चरण में कांग्रेस काशी सहित देवरिया, महराजगंज व बांसगांव से चुनाव लड़ रही है।

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस 17 सीटों पर लोकसभा के चुनावी मैदान में हैं। सहारनपुर, अमरोहा, मथुरा, गाजियाबाद व बुलंदशहर तथा फतेहपुर सीकरी, सीतापुर, कानपुर, रायबरेली, अमेठी, बाराबंकी, झांसी व इलाहाबाद की सीटों पर छह चरणों में मतदान हो चुका है। अब सातवें चरण में कांग्रेस बांसगांव, देवरिया, महाराजगंज व काशी की सीटों पर चुनावी मैदान में है।

### काशी में बढ़ रहा भाजपा का वोट प्रतिशत

काशी से प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर भाजपा का वोट प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। 2009 में भाजपा को 30.52, 2014 में 56.37 व 2019 में 63.62 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस को 2009 में 9.98, 2014 में 7.34 और 2019 में 14.38 प्रतिशत वोट मिले थे।

### काशी में वोट प्रतिशत बढ़ाने की लड़ाई

काशी में कांग्रेस और भाजपा में वोट प्रतिशत बढ़ाने की लड़ाई है। इसके बाद भी कांग्रेस के तमाम नेताओं ने काशी में डेरा डाल रखा है। इससे बाकी की सीटों से कांग्रेस का ध्यान हट गया है।

बांसगांव से कांग्रेस के उम्मीदवार सदल प्रसाद की मांग पर अविनाश पांडेय ने प्रचार कार्यक्रम में हस्तक्षेप करके राहुल व अखिलेश का कार्यक्रम तय करवाया है, लेकिन देवरिया व महराजगंज में प्रचार के अंतिम दिनों में कांग्रेस के किसी बड़े नेता का कार्यक्रम तय नहीं किया गया है।

### बांसगांव में सदल का मुकाबला तीन बार के भाजपा विजेता कमलेश से

बांसगांव में सदल प्रसाद का मुकाबला लगातार तीन बार से लोस चुनाव जीत रहे भाजपा के कमलेश पासवान से है।

# ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल पर एसडीएम ने बांटा राहगीरो को प्रसाद

● मोहनलालगंज कस्बे में नौ दिवसीय रामकथा के समापन व ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल पर पत्रकार एसोसिएशन व बाला जी सेवा समिति ने किया विशाल भंडारे का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मगंल को मोहनलालगंज कस्बे में स्थित संकट मोचन मंदिर व श्री बाला जी मंदिर में वीर बजरंगी के दर्शनो को भक्तो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी ।मोहनलालगंज के कालेबीर बाबा मंदिर प्रणांग में आयोजित नौ दिवसीय रामकथा के समापन व ज्येष्ठ माह के बड़े मगंल पर विशाल भडांरे का आयोजन किया गया, बाला जी महाराज को भोग के बाद कन्याओ को भोजन कराकर मुख्य अतिथि एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक तिवारी व महामंत्री अखिलेश द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ललित दीक्षित व विजय जायसवाल, कोषाध्यक्ष नवनीत तिवारी की मौजूदगी में पूड़ी-सब्जी बूंदी का वितरण कर भंडारे का शुभारम्भ किया ।भंडारे का आयोजन बाला जी सेवा समिति व कालेबीर बाबा मंदिर सेवादार समिति व पत्रकार एसोसिएशन मोहनलालगंज के द्वारा किया गया ।भंडारे में प्रमुख रूप से विधायक अमरेश कुमार रावत, एडीसीपी दक्षिणी शंशाक सिंह, एसीपी मोहनलालगंज राधा रमण सिंह, इंस्पेक्टर आलोक राव, थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी, इंस्पेक्टर जीडी शुक्ला, वरिष्ठ समाजसेवी कृपा शंकर द्विवेदी, जिला सहकारी बैंक के पूर्व निदेशक अनिल त्रिपाठी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र दीक्षित, भाजपा नेता नागेश्वर द्विवेदी, वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल शुक्ला, यूपीएल फैक्ट्री के महाप्रबंधक जी०एन०श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार केजी मिश्रा, डा०सिद्वार्थ पटेल, व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरू पांडे, प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, देवेन्द्र पांडे, हरि गोविंद मिश्रा, राज कुमार अवस्थी, पत्रकार नीतिश रस्तोगी, शिवा मिश्रा, राघवेन्द्र तिवारी, मनोज यादव, भाजपा नेता अविचल शुक्ला, अभय सिंह, भाजपा नेता हंसराज समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहें।

# प्रथम बड़े मंगल पर कई जगहों पर भण्डारे का हुआ आयोजन



अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज क्षेत्र के कई जगहों पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ वहीं गौरा में ओमकार जायसवाल उर्फ बबलू के यहां रामायण पाठ व हवन के साथ ही विशाल भंडारे का आयोजन किया गया साथ ही मऊ गांव में अयोध्या प्रसाद शर्मा ने बड़े मंगल में हवन पूजन के साथ ही प्रसाद वितरण किया गया साथ ही मुख्य अतिथि व्यापार मंडल अध्यक्ष चैयरमेन प्रतिनिधि अजय पाण्डेय उर्फ सत्यम ने फीता काट कर मेडिसिन दूकान का उद्घाटन किया वहीं सिसेडी मे ज्येष्ठ मास के प्रथम मंगलवार को विभिन्न स्थानों पर हनुमान जी की आराधना के साथ भण्डारा व जलपान के कार्यक्रम किये गए आयोजनों के क्रम में धीरु वस्त्रालय सिसेंडी में भी भण्डारे का आयोजन किया गया। सिसेंडी बाजार स्थित प्रचीन हनुमान मन्दिर में पूजन उपरांत प्रसाद वितरण किया गया आयोजन में धीरु शुक्ला अनेक भक्तों ने सेवा भाव के साथ प्रसाद वितरण किया मन्दिर में सुन्दर काण्ड पाठ व हवन पूजन किया गया

# जेष्ठ के प्रथम मंगल पर श्रद्धालुओं ने जगह-जगह प्रसाद वितरण किया





● भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर, पुण्य लाभ कमाया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। वैसे तो पूरे साल ही भक्त हनुमान मंदिर मे पूजा अर्चना करते दिखाई देते है लेकिन जेष्ठ माह के प्रथम मंगल पर हनुमान भक्ति की छटा अलग ही दिखायी देती है।

मंगलवार सुबह से ही बड़े मंगल पर भक्त कतार लगाकर हनुमान मंदिरो मे श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना कर अमन चैन व सुख शांति की कामना की एवं संकट मोचन के जयकारे लगाए व साथ ही साथ हनुमान भक्तो ने जगह जगह भंडारे का आयोजन करवाया।

रहीमाबाद के गोंदा मुअज्जम नगर में कुंवर अरुण प्रताप सिंह बंटी और वीरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा भंडारे का आयोजन किया। वहीं ग्राम भतोइया में बाला जी की कृपा द्वारा सुंदरकांड के समापन पर बजरंगबली के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर भंडारे का शुभारंभ किया ।इस अवसर पर श्याम सिंह, अरुण प्रताप सिंह बंटी, वीरेंद्र प्रताप सिंह, दीपक पंडित, सरोज कुमार, जितेंद्र प्रताप सिंह जीतू, विनय प्रताप सिंह, शैलेंद्र सिंह, रवि सिंह, सतेंद्र सिंह, आलोक मौर्य, रावेन्द्र सिंह (रवि), अजय सिंह, सुमित सिंह, गोपाल मौर्य, प्रवेश कुमार मौर्य, दिनेश शर्मा, सुजीत मौर्या, सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। गर्मी को देखते हुए कई जगह शरबत कोल्डड्रिंक के साथ फल, पूड़ी सब्जी, छोला चावल कढ़ी चावल के साथ बूंदी के प्रसाद का भी वितरण किया गया।

# जया बच्चन ने सपा से बना ली है दूरी! नहीं किया प्रचार

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची में राज्यसभा सदस्य जया बच्चन का नाम भी शामिल है। छह चरणों के चुनाव खत्म हो चुके हैं और सातवें चरण के प्रचार में अब दो दिन बचे हैं, इसके बावजूद जया बच्चन एक भी दिन प्रचार करने नहीं आईं।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व डिंपल के चुनाव प्रचार से भी उन्होंने दूरी बनाए रखी। यह हाल तब है जब अखिलेश ने पार्टी में विरोध के बावजूद लोकसभा चुनाव से कुछ समय पहले हुए राज्यसभा चुनाव में लगातार पांचवीं बार उच्च सदन भेजा था।

### विधायकों ने की थी क्रॉस वोटिंग

इस वर्ष फरवरी में हुए राज्यसभा चुनाव में सपा ने जया बच्चन, आलोक रंजन व रामजी लाल सुमन को प्रत्याशी बनाया था। जया बच्चन की उम्मीदवारी को लेकर ही सपा के तकरीबन आधा दर्जन विधायकों ने नाराजगी जताते हुए राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की थी। अपना दल कमेरावादी की नेता व सपा विधायक पल्लवी पटेल की मुखर बयानबाजी के बाद अखिलेश ने तो उनकी पार्टी से ही किनारा कर लिया था। पार्टी में इतने विरोध के बावजूद जिन जया बच्चन को अखिलेश ने राज्यसभा भेजा, उन्होंने एक भी दिन पार्टी का प्रचार नहीं किया।

### नाराजगी नहीं मोल लेना चाहता बच्चन परिवार

सूत्रों के अनुसार, जया बच्चन कांग्रेस से समझौते को लेकर खुश नहीं थीं, इसलिए उन्होंने प्रचार से अपने को दूर रखा। इसके अलावा कुछ लोगों का यह भी दावा है कि बच्चन परिवार सत्ताधारी भाजपा से नाराजगी नहीं मोल लेना चाहता है, इस कारण जया चुनाव प्रचार से अलग रहीं। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी कहते हैं कि जया बच्चन की व्यक्तिगत कोई दिक्कत होगी जिस कारण वे प्रचार में नहीं आईं।

# यूपी में 10 हजार से ज्यादा अवैध शस्त्र किए गए सीज

● उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्वाचन आयोग के निदेशों का किया जा रहा कड़ाई से अनुपालन

सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर किए जा रहे संचालित

अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए, 4766 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराए गए

पुलिस द्वारा 10258 कारतूस, 3099.32 किलो विस्फोटक व 604 बम बरामद, अवैध शस्त्र बनाने वाले 188 केंद्र सीज

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। बड़ी संख्या में चेक पोस्ट के माध्यम से प्रदेश में आने वाली गैर कानूनी चीजों की जांच की जा रही है तो वहीं शांति भंग की आशंका में बड़ी संख्या में लोगों को पाबंद किया गया है। इसके अलावा, पुलिस ने हजारों अवैध शस्त्र, कारतूस और विस्फोटक को सीज किया है, जबकि अवैध शस्त्र बनाने वाले केंद्रों को भी बंद कराया गया है। उल्लेखनीय है कि 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

### बड़ी संख्या में विस्फोटक किया गया सीज

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट संचालित किए जा रहे हैं। 16 मार्च से 27 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए हैं। वहीं, 4766 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए हैं। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,28,174 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस जारी किए गए है, जिनमें से 26,82,469 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 10099 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 10258 कारतूस, 3099.32 किलोग्राम विस्फोटक व 604 बम बरामद कर सीज किए गए हैं। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 5289 केंद्रों पर रेड डाली गई और 188 केंद्रों को सीज किया गया।

### 27 मई को भी हुई बड़ी कार्रवाई

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी जिम्मेदार विभागों द्वारा अनवरत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 27 मई सोमवार को भी बड़ी संख्या में पुलिस द्वारा एक्शन लिया गया है। उन्होंने बताया कि 27 मई, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 5923 लोगों को पाबंद किया गया है। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के 42 शस्त्र, 48 कारतूस व 9 बम बरामद कर सीज किए गए हैं। यही नहीं, अवैध शस्त्रों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 37 केंद्रों पर रेड डाली गई।

# भक्तिमय माहौल के बीच शुरू हुआ बड़े मंगल का भंडारा

● मौर्य समाज ने किया भंडारे का आयोजन



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ , आशियाना के पुरानी जेल रोड बंगला बाजार चौराहे पर जेष्ठ माह कृष्ण पक्ष के पहले बड़े मंगल के उपलक्ष्य पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।भक्तिमय माहौल के बीच भंडारे की शुरूवात बंगला बाजार के भदरूख मुराउन खेड़ा निवासी समाजसेवी कमलेश चंद्र मौर्य ने अपने सैकड़ों सहयोगियों संग हनुमान जी के चित्र पर धूपदीप जला कर श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया । चालीसा पाठ के उपरांत विधि विधान से भगवान का भोग लगा सुबह 11 बजे से भंडारे में शुरू हुआ प्रसाद वितरण देर शाम लगभग 8 बजे तक चलता रहा । इस दौरान हजारों स्थानीय श्रद्धालुओं समेत राहगीरों व बच्चों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर ₹जय श्री राम - जय हनुमान₹ का उद्घोष करते रहे । इस मौके पर आयोजक मंडल के कमलेश चंद्र मौर्य, सुरेश चंद्र मौर्य, प्रेम चंद्र मौर्य, पंकज मौर्य, नीरज मौर्य, प्रदीप मौर्य समेत भाजपा के मंडल अध्यक्ष दक्षिण - तृतीय व पूर्व पार्षद विनोद मौर्य समेत सैकड़ों स्थानीय लोग भंडारे में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए श्रमदान देते रहे ।

# सदिंग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

मायके पक्ष ने गला दबाकर हत्या का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।बैरीसालपुर गांव निवासी गुलजार की पत्नी खुशतबा उर्फ खुशीर्दा (30वर्ष) की मगंलवार की सुबह सदिग्धं परिस्थितियों में मौत हो गयी ।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोग पति समेत ससुरालीजनो पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर गला दबाकर बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुये हंगामा करने लगे ओर मोहनलालगंज पुलिस को सूचना दी ।जिसके बाद इंस्पेक्टर आलोक राव व कनकहा चौकी इंचार्ज उमेश सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ पहुंचकर आक्रोशित मायके पक्ष के लोगो को समझा बुझाकर शांत कराकर मृतका के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने मायके पक्ष के लोगो को मृतका की पीएम रिपोट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया ।मृतका के पति गुलजार ने बताया पत्नी खुशीर्दा काफी समय से लीवर की बीमारी थी, जिसके चलते उसका इलाज चल रहा था, बीते मगंलवार की सुबह अचानक से उसकी तबीयत बिगड़ी ओर उसकी मौत हो गयी ।सुबह पत्नी के ना उठने पर जगाने पहुंचा तो उसे मृत पड़ा देख उसके होश उड़ गये ।जिसके बाद उसने पत्नी के मायके पर सूचना दी ।मृतका के एक मासूम बेटा व एक बेटी हैं।

# दबंग महिला ने साथियो संग मिल घर में घुस की लूटपाट

पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाली एक महिला के घर एक दबंग लेडी ने साथियों संग मिलकर जबरन घुस मारपीट करने के साथ लूटपाट की है। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके स्थित सी वन एल डी ए कालोनी की रहने वाली महिला नीलम पत्नी राजू के अनुसार वह उक्त मकान में परिवार संग रहती है ।बीते 23 मई की शाम घर पर अकेली थी। आरोप है कि उस दौरान अचानक उनके घर पर जबरन ज्योति श्रीवास्तव सोनू खान अनय दो लोग अन्य जबरन उनके घुस में घुस आए और गाली गलौज मार पीट करने के साथ जबरन उनसे चाभी छीन अलमारी खोल रखे दस हजार रुपये नकदी सहित सोने चांदी की ज्वैलरी सहित पीडिता का मोबाइल फोन लूट जान से मारने की धमकी दे फरार हो गए । जिसकी शिकायत पीडिता ने स्थानीय थाने में पुलिस से करी है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पीडिता की शिकायत पर लूट मारपीट धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल, हालत गम्भीर

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के घर की रसोई रेस्टोरेंट के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से सोमवार की देर रात एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया ।युवक को घायल अवस्था में मोहनलालगंज से लखनऊ जाने वाली हाईवे की एक पटरी पर पड़ा देख उधर से गुजरे लोगो ने पुलिस को सूचना दी ।जिसके बाद मौके पर पहुंचे हरकंशगढी चौकी इंचार्ज एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिये सीएचसी लेकर गये, जहां डाक्टरो ने युवक की हालत गम्भीर देख इलाज के लिये ट्रामा टू रेफर कर दिया ।जिसके बाद पुलिस युवक को इलाज के लिये ट्रामा टू लेकर गयी, जहां भर्ती कर इलाज जारी है लेकिन युवक की हालत गम्भीर बनी हुयी है ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल युवक के पास से एक झोला मिला जिसमें एक चादर, तौलिया व कुछ कपड़े मिले है, देखने में वो मजदूर की तरह लग रहा था, काफी प्रयास के बाद घायल की पहचान नही हो सकी हैं।

# मतगणना को लेकर सीडीओ ने कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर मंगलवार को पहला रेंडमाइजेशन कराया गया। इसके बाद अब कल से कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। दो शिफ्टों में शेष कर्मियों को प्रशिक्षण देने की तैयारी की गई है। करीब 600 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया है। वहीं अनुपस्थिति रहे करीब 26 कार्मिक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं।जिले में चौथे चरण को लेकर 13 मई को मतदान हुआ था। अब चार जून को मतगणना होनी है।मतगणना को लेकर दही चौकी स्थित एफसीआई गोदाम में प्रशासन की ओर से तैयारी की जा रही है। वहां टिनशेड में बल्ली लगाने का काम किया जा रहा है। मंगलवार से प्रभारी कार्मिक अधिकारी की ओर से मतगणना में लगाए जाने वाले कार्मिकों को लेकर कवायद शुरू की गई।मंगलवार को प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। इसके बाद मतगणना में लगे कर्मियों की फाइनल सूची को तैयार की जा रही है। अब बुधवार से मतगणना में लगे कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें पहली पाली में सुबह से दोपहर तक प्रशिक्षण दिया जाएगा तो बाद दूसरी शिफ्ट में दोपहर दो बजे से शाम 4:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। अंतिम प्रशिक्षण पहली और दूसरी जून को दिया जाएगा।मतगणना स्थल पर विधानसभा वार 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। इसमें विधानसभा वार एक-एक रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की टेबल भी शामिल रहेंगी। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक ईवीएम से प्राप्त मतों की गिनती के लिए प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना सुपरवाइजर, एक मतगणना सहायक, एक माइक्रो आब्जर्वर एवं एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तैनात रहेगा।वहीं पोस्टल बैलेट की मतगणना के लिए एक मतगणना सुपरवाइजर, एक मतगणना सहायक, एक माइक्रो आब्जर्वर, मतगणना सहायक प्रथम एवं मतगणना सहायक द्वितीय की ड्यूटी लगाई जाएगी।इसके अलावा इलेक्ट्रानिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट (ईटीपीबीएस) से प्राप्त मतों की गिनती के लिए प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना सहायक और एक मतगणना सुपरवाइजर मौजूद रहेगा। सीडीओ प्रेमप्रकाश मीणा ने बताया कि मतगणना को लेकर कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। उनको आज से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इसके बाद अंतिम प्रशिक्षण पहली और दूसरी जून को दिया जाएगा।

# नौ दिन होने वाली प्रचंड गर्मी में लोग हो रहे बेहाल मरीजों की बढ़ी संख्या

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। इन दिनों अस्पताल में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इमरजेंसी में बीस से अधिक मरीजों को भर्ती किया गया। ओपीडी में भी मरीजों की लंबी लाइन लगी है। वहीं, बीते दिन इलाज के दौरान बुखार पीड़ित बच्ची और एक वृद्धा की मौत भी हो चुकी है।सोहरामऊ थानाक्षेत्र के भटपूरा गांव निवासी जयप्रकाश की आठ साल की बेटी वैष्णवी कई दिनों से बुखार से पीड़ित थी। बीते दिन अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर नवाबगंज सीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचते इससे पहले ही रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।वहीं, भवानी खेड़ा के महवारी की 80 वर्षीय पत्नी को भी कई दिन से बुखार आ रहा था। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखकर इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर लिया। जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। फिजीशियन डॉ. कौशलेंद्र प्रकाश ने बताया कि मरीजों को दवा के साथ पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, ताजा पौष्टिक भोजन करने की सलाह दी जा रही है।प्रचंड गर्मी के साथ अस्पताल आने वाले मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। इनमें उल्टी, डायरिया, बुखार के मरीज ज्यादा हैं। अस्पताल में मौसमी बीमारियों के मरीजों की भीड़ रही। सुबह अस्पताल खुलते ही लोग रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्चा बनाने के लिए पहुंच गए। मरीजों की भीड़ बढ़ने से कई बार वहां धक्का मुक्की भी होती रही। इस दौरान करीब बारह सौ से अधिक मरीजों ने चिकित्सकीय परामर्श के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। यही हाल चिकित्सकों की ओपीडी का भी रहा।फिजीशियन डॉ. कौशलेंद्र प्रकाश ने बताया कि गर्मी के मौसम में जरा सी लापरवाही लोगों को बीमार कर रही है।इस मौसम में बच्चों व बुजुर्गों का खास ख्याल रखना चाहिए। चिकित्सक मरीजों को दवा के साथ धूप से बचाव की सलाह दे रहे हैं। गर्मी से आकर कूलर, एसी के सामने बैठने व शीतल पेय पदार्थों के सेवन से परहेज करें। बाहर का खाना खाने से बचें घर का बना ताजा व पौष्टिक भोजन करें और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। वहीं कई दिनों से बुखार से पीड़ित लोगों के सैंपल लेकर डेंगू, मलेरिया की जांच के लिए भेजी जा रही हैं।

## संक्षेप

### संदिग्ध परिस्थितियों में रोड के किनारे पड़ा मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के अंतर्गत उन्नाव हरदोई सडक मार्ग से एक गांव को जाने वाले मार्ग पर सुबह एक अज्ञात युवक औधे मुंह पड़ा था, स्थानीय ग्रामीण द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंचीं पुलिस को युवक मृत अवस्था में मिला, पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र में उन्नाव हरदोई मार्ग से कठिघरा गांव जाने वाले मार्ग पर एक अज्ञात युवक सड़क किनारे औधे मुंह पड़ा था, कठिघरा गांव निवासी राजू नें औंधे मुंह युवक को संदिग्ध हालात में पड़ा देखा तो उसने स्थानीय थाना पुलिस को सूचित किया।मौके पर पहुंची थाना पुलिस को युवक मृत अवस्था में मिला था, जांच-पड़ताल कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। युवक की शिनाख्त में पुलिस नें मृतक का नाम सुदामा उर्फ लुझरी, पुत्र रामखेलावन 30 वर्ष निवासी लच्छीखेड़ा सफीपुर के रुप में की। मृतक वर्तमान समय फतेहपुर चौरासी में रह रहा था, बताया जा रहा मृतक कठिघरा गांव निवासी तेज अली के विवाह कार्यक्रम में शामिल होने आया था। प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि दिब्यांग था, उसे किसी अज्ञात वाहन की टक्कर मार दी होगी, जिससे उसकी मौत हो गई।

### नन्हे मुन्ने बच्चों ने किया हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल पर गौरी गांव में एमएम पब्लिक स्कूल परिसर में स्थित पवन तनय मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद सुंदरकांड का पाठ संपन्न हुआ। स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ किया और फिर जयकारे गुंजाए। भक्तों और बच्चों में प्रसाद वितरण भी किया गया। राष्ट्रसंत मोरारी बापू की व्यास पीठ के स्थान पर वर्ष 2007 में पवन तनय हनुमान जी महाराज की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। मंदिर में पुजारी के रूप में विधवा महिला शैल कुमारी नियुक्त हैं। ज्येष्ठ माह के हर बड़े मंगल पर पवन तनय मंदिर में विशेष पूजन-दर्शन के साथ आयोजन होते रहते हैं।पहले बड़े मंगल पर आज सुबह सुंदरकांड पाठ के बाद स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ किया।बच्चों ने पवन तने महाराज का दर्शन करके माथा टेका। पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। धार्मिक आयोजन में डॉ कुसुमलता द्विवेदी, प्रिंसिपल शिवानी सिंह, शिखा त्रिपाठी, सुनील अवस्थी, सोनाली सिंह, रश्मि सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, राजकुमार, रजत गुप्ता, आदित्य सिंह, ललिता प्रजापति, देवेंद्र यादव, मोहम्मद अफजल, क्षितिज कुमार मिश्रा आदि शामिल हुए।

# भीषण गर्मी से लोग परेशान सड़कों पर पसरा सन्नाटा

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। भीषण गर्मी ने लोगों की जीना बेहाल कर दिया है लोग त्राही-त्राही कर रहे हैं। दोपहर को ऐसा लगता है जैसे कर्फ्यू लगा हो सड़कें लोगों से रिक्त हो जाती हैं।लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में दुबके रहते हैंतहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में भीषण गर्मी ने लोगों की जीना बेहाल कर दिया है, लोग त्राही-त्राही कर रहे हैं।दोपहर को ऐसा लगता है जैसे कर्फ्यू लगा हो, सड़कें बाजारे चौराहा लोगों से रिक्त हो जाते हैं।लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में दुबके रहते हैं। अधिकतम तापमान लगभग 45 डिग्री व न्यूनतम 29 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया। यानी अभी गर्मी से राहत के कोई आसार नहीं है।लोगों ने कहा कि ऐसी गर्मी कई सालों बाद आई है लोगों ने कहा इस बार गर्मी ने पिछले कई सालों का रिकार्ड तोड़ दिया हैं। आने वाले दिनों में दिन के साथ-साथ रात का तापमान भी बढ़ने के आसार हैं।भीषण गर्मी व तेज धूप के साथ-साथ लू भी चल रही है जो बहुत ही घातक है जिससे तापमान में बढ़ोतरी हो जाती है। तेज गर्मी में धूप के सीधे संपर्क में आने से बुजुर्गों बच्चों में लू लगने का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे मौसम में अगर सावधानी से काम लिया जाए, तो बीमारियों से बच्चों को बचाया जा सकता है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बाबा अमरनाथ धाम में चलने वाले भंडारे को लेकर श्री अमरनाथ सेवा मंडल का नगर में राशन सामग्री एकत्र करने के लिए कलेक्शन सेंटर खोला गया है। जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसे देख पूरी रात भक्त झूमते रहे।

कार्यक्रम में आये कलाकारों ने गणेश वंदना के साथ बाबा वफार्नी की आरती उतारी। इस दौरान कलाकारों ने शिव तांडव, शिव बारात, राधाकृष्ण नृत्य, फूलों की होली समेत कई झांकियों की प्रस्तुति दी। जिसको देखकर मौजूद सैकड़ों भक्त अपने को झूमने से नहीं रोक सके, जिससे राह चलते लोगों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया।फूल-मालाओं, भांग-धतूरा आदि से श्रृंगार किया गया।राजधानी मार्ग स्थित निषाद मार्किट के पास भी भव्य सजावट की गई। रात में आयोजित भक्ति झांकी कार्यक्रम में आए वाल्मिकी एंड टीम के कालाकारों ने शिव तांडव, शिव-पार्वती विवाह, त्रिनेत्र, श्रीराम-सीता, राधा-कृष्ण, नंदी आदि की आकर्षक झांकी प्रस्तुत कर लोगों को भक्ति रस में डुबो दिया। शाम से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गई। देर रात तक चला। शीष-नवाकर पूजन-अर्चन किया। साथ ही एक-दूसरे को अबीर-गुलाल खेला। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत होली खेले मसाने में नृत्य पर श्रद्धालुओं ने जमकर तालियां बजाईं।आयोजक द्वारा चुन्नी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजको ने बताया कि इस बार 27 वां विशाल भंडारा बाबा के धाम में कराया जा रहा है। नगर में खुले कलेक्शन सेंटर में एकत्र सामग्री एक जून को बाबा के धाम भेजी जायेगी। इस मौके पर नितिन शर्मा, राजकुमार गुप्ता, राम किशोर पाल, शिशिर श्रीवास्तव, अरूण त्रिवेदी, रामबाबू शर्मा, महेन्द्र कुशवाहा, सचिन ओमर, बब्लू शर्मा, कपिल शर्मा, संतोष शर्मा, अनिल पाल, आशू गुप्ता समेत तमाम भक्त मौजूद रहे।

# ज्येष्ठ के पहले मंगलवार को शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी किया गया प्रसाद वितरण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। ज्येष्ठ के पहले बड़े मंगल को देखते हुए नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में बाबा का भव्य श्रंगार कराया गया। इसके साथ ही शर्बत वितरण किया गया। जिला न्यायलय के बाहर विशाल भंडारा कराया गया। तपती धूप में भी बाबा का प्रसाद पाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।ज्येष्ठ माह के पहले मंगल पर नगर में जगह जगह शर्बत वितरण कराया गया। जहां राजधानी मार्ग स्थित अशोक वाटिका हनुमान मंदिर, ऋषि आश्रम में बड़े हनुमान मंदिर में बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया। इसके अलावा राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में बाबा की पूजा अर्चना की गई। वहीं ऋषि आश्रम हनुमान मंदिर में भी पूजा हुई। इसके साथ ही बाला जी मंदिर में बाबा का भव्य अंगार कराया गया।इसके साथ ही उन्नाव शहर के छोटा बड़ा चौराहे पर भी विशाल भंडारे का आयोजन कराया। जहां आने जाने वाले लोगों ने भंडारे का प्रसाद चखा। भंडारा दोपहर से शाम तक अनवतर चलता रहेगा। इसी तरह पोनी रोड, मिश्रा कॉलोनी, गांधी नगर, बिंदा नगर, श्री नगर के अलावा अन्य मोहल्लों में भी शर्बत वितरण कराया गया। जहां आने जाने वाले लोगों ने गर्मी में शर्बत पीकर राहत महसूस की।उन्नाव जिला न्यायलय परिसर के बाहर गेट नम्बर एक बाहर मंगलवार को विशाल भंडारे का शुरूआत की सैकड़ों की संख्या में हनुमान के भक्तों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही कचहरी परिसर में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने भी प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान अधिवक्ता अखिलेश शुक्ला, राम किशोर, देशराज राजपूत, चंदन मिश्रा, मनोज कुमार, नीरज सिंह चंदेल समेत अन्य मौजूद रहे।ज्येष्ठ मास के बड़े मंगल पर दान-पुण्य का बड़ा महत्व है।

# ईट भट्टे के ट्रैक्टर चालक की छत से नीचे गिरकर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक ईंट-भट्ठे पर काम करने वाला ट्रैक्टर चालक छत से गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। घर वालों ने भट्ठा मालिक पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के बनकटा हफीजाबाद का रहने वाला जोधा 30 वर्ष पुत्र रामपाल रुस्तमपुर निवासी रज्जन सोनकर पुत्र सद्दन भट्ठे में ट्रैक्टर चलाता था। बीती देर रात वह छत से गिरकर गम्भीर रूप घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मालिक ने उनके परिजनों को दी।अस्पताल पहुंचे परिजनों ने शव देखा तो कोहराम मच गया। इसके बाद परिजनों ने भट्ठा मालिक पर आरोप लगाते हुए बताया कि उन्होंने घटना की सूचना देरी से दी और पहले अस्पताल बुलाया। जब अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस बुलाया, जहां युवक मृत अवस्था में मिला। भाई ने आरोप लगाते हुए कहा कि छत से फेंककर हत्या की गई है। यहां गिरने की बात बताई जा रही है। वहीं पिछले एक साल से मालिक ने उन्हें वेतन नहीं दिया था, जिसके चलते भी परेशान थे। मृतक की तीन भाई दो बहन थी। एक बहन की 2022 में मौत हो चुकी है। कोतवाली प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिर्पोट आने के बाद अग्रिम की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध मिट्टी खनन कर रहे जेसीबी व डंफर को तहसीलदार ने किया सीज



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के अन्तर्गत लालगंज प्रथम में अवैध रूप से हो रहे मिट्टी खनन पर तहसीलदार अर्सला नाज ने कार्यवाही करते हुए मिट्टी खनन कर रहे जेसीबी व डम्फर को सीज कर दिया व खननकर्ता पर कार्यवाही की संस्तुति की गई।तहसील क्षेत्र के लालगंज प्रथम निवासी सुरेश आदि के गाटा संख्या 461 पर बिना अनुमति के पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा मिट्टी का खनन किया जा रहा था इसी बीच किसी ने तहसीलदार को फोन कर मिट्टी खनन की सूचना कर दी जिस पर तहसीलदार अर्सला नाज व नायब तहसीलदार स्नेहा यादव द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए खनन कर रहे डंपर एवं जेसीबी को पकड़ लिया व खनन कर्ता को पकड़ कर विधिक कार्यवाही के लिए भेजा गया।

# भक्तिमय भागवत कथा में भाव विभोर हुए भक्त



अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। मुख्यालय पाटन में 7 दिवसीय भागवत कथा का वृंदावन तथा अयोध्या के अनुपम समागम का अयोजन प्रभात फेरी के साथ प्रारंभ हुआ कथा वाचक किशोरी जी के प्रसंगों में राजा परीक्षित को जब मालूम हुआ कि हमारी मृत्यु सात दिन होने वाली है तब का पूरा बायख्यान सुन तथा मंत्रमुखद भजनों को सुन सभी भक्त झूम उठे इस अवसर पर समाज सेवी रमेश चंद्र कल्लू तिवारी ,प्रदीप अवस्थी जितेंद्र साहू सैलू सुक्ला नंदू अवस्थी संदीप पटेल सानू पटेल सोनू सिंह अनूप ,राकेश मिश्रा आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के जजमान के रूप में जय शंकर अवस्थी कुलदीप चौधरी प्रधान पाटन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# पत्नी के गम में युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर निवासी एक युवक ने सोमवार रात फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर मोहल्ले के लोगों की भीड़ एकत्र हो गयी। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्रवाई की है।जानकारी के अनुसार शुक्लागंज के श्रीनगर निवासी स्व. विनोद गुप्ता का 25 वर्षीय बेटा कुणाल गुप्ता की 2 साल पहले दिव्यांशी से शादी हुई थी। जिससे उसकी 9 माह की बेटी भी है। दो माह पहले किसी बात को लेकर पत्नी घर छोड़कर मायके चली गई। बताया जा रहा है कि तबसे डिप्रेशन में चला गया और परेशान रहने लगा। घर में भी किसी से सही ढंग से बात नहीं करता था और काम करने के बाद वापस आकर कमरे में रहता था।सोमवार रात लगभग पौने दस बजे उसने कमरे में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। काफी देर तक जब कमरे से बाहर नहीं निकला और कोई सुगबुगाहट नहीं मिली तो मां परेशान हुई। जिसके बाद वह कमरे में जाकर देखा तो बेटे का शव फंदे पर लटका देख मां रागिनी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।फांसी की सूचना पर आसपास के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। मोहल्ले के लोगों में तमाम तरह की चर्चा चलती रही। जिसकी जानकारी गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर विधिक कार्रवाई की है।

## बहन के घर आए युवक को पड़ोसियों ने जमकर पीटा

बांगरमऊ, उन्नाव। मामूली बात को लेकर पड़ोसियों ने रिस्तेदारी में आये युवक को लात घूँसों और लाठी डंडो से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बांगरमऊ क्षेत्र के काजीपुर गाँव निवासी इस्माइल पुत्र सफिदाद का साला राजू पुत्र शहीम निवासी ग्राम मटियामऊ थाना मल्लावां हरदोई अपने बहनोई के घर आया था। उसके बहनोई के पड़ोसी दो लोगों ने उसे गाली गलौच देने लगे जब उसने विरोध किया तो पड़ोसियों ने लात घूँसों और लाठी डंडो से पीट दिया। जिसके बाद पीड़ित ने कोतवाली में पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल परीक्षण कराकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## मंदिर परिसर में भक्तो ने किया प्रसाद वितरण

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। क्षेत्र के अंतर्गत नगर पंचायत ऊगू में स्थित शिव जी बाबा अवगढ़ नाथ मंदिर पर हर साल की तरह इस साल भी जेठ के पहले माह व पहले मंगलवार पढ़ने पर प्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दूर से आए भक्त लोग व नगर के लोगो ने रास्ते से निकलने वाले पुरुष महिला व छोटे बड़े बच्चो को प्रसाद ग्रहण कराया प्रसाद वितरण मे शिव दयाल पुत्र राज रिंकू या बटवाने में सहयोग, शिव दयाल , रिंकू , छोटेलाल,राजकुमार महेश ,रमाकांत ,अंकित , करन , हरिओम ,नितिन ,सौरभ ,आर्यन, गोकुल मथुरा परस्थित रहे ।जहां पर बड़े ही संख्या में भक्त गण भंडारे में शामिल रहे।

# मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो लुटेरे किया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दो लुटेरों को हिरासत में लिया जिनके पास नगदी व बाइक मोबाइल फोन अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ दोनो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह उप निरीक्षक जितेंद्र पांडे कल्लू राम यादव हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार मौर्य समर बहादुर गिरीश कुमार के साथ क्षेत्र के गस्त पर थे तभी मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी की देवगांव की पुलिया पर अपराधी मौजूद हैं पुलिस ने मौके पर पहुंच कर प्रतीक कुशवाह पुत्र अनूप कुशवाहा निवासी देवगांव कृष्ण कुमार उर्फ कन्हैया पुत्र लखपति गौड़ निवासी देवगांव हाल निवास उम्मीदों का शहर उन्नाव को हिरासत में लिया जिनके पास से पुलिस को एक बाइक एक 315 बोर का तमंचा एक जिंदा कारतूस दो मोबाइल फोन 2410 रुपिया लूट के बरामद हुए दोनो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में आयोजित किया गया रक्तदान शिविर

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी/ फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राजकीय रक्त केंद्र जिला चिकित्सालय व वीसी टीवी प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया रक्तदान शिविर में आधा दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान होता है और इससे लोगों को जीवन दान मिलता हैमंगलवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन राजकीय रक्त केंद्र जिला चिकित्सालय फतेहपुर तथा वीसी टीवी प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। शिविर का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने फीता काटकर के किया। रक्तदान शिविर में अमजद खान के अलावा देवेंद्र प्रताप सिंह संदीप कुमार तथा कमल सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने रक्तदान करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र भी दिए इस मौके पर डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान होता है रक्तदान से लोगों को जीवनदान मिलता है यह सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए रक्त का दान करने से रक्त की कमी शरीर में नहीं होती बल्कि शरीर और स्वस्थ रहता है इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह के अलावा डॉक्टर पंकज काउंसलर दीपाली वर्मा आईटी कमल आईटी नरेंद्र तथा ज्ञानेंद्र प्रताप सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# कस्बे में बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी/फतेहपुर, ।उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के बिंदकी कस्बे के अंतर्गत बाइकों की टक्कर में एक ही बाइक में सवार तीन लोग घायल हो गए दुर्घटना के बाद हड़कंप मचा रहा सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गयाजानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब कोतवाली क्षेत्र के खजुहा कस्बे के निकट दो बाइक में तेज टक्कर हो गई जिसमें एक बाइक में सवार जीतू उम्र 22 पर पुत्र रमेश, कमल उम्र 18 वर्ष पुत्र राकेश तथा राजन उम्र 37 वर्ष पुत्र स्वर्गीय रामराज तीनों निवासी कोरसम थाना कल्याणपुर जनपद फतेहपुर घायल हो गए दुर्घटना के बाद हड़कंप मच गया मौके पर भारी भीड़ लग गई सभी घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया इस मामले में पर जिन्होंने बताया की बाइक सवार तीनों लोग गांव से खजुहा जा रहे थे तभी खजुहा के समीप दूसरी बाइक से टक्कर हो गई दूसरी बाइक सवार टक्कर मारने के बाद निकल गया।

## सम्पादकीय

# नए एफटीए से निवेश और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देने के बीच भारत का चार देशों के समूह ईएफटीए के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) करना निवेश व ट्रेड को गति देने की दिशा में अहम कदम है। एफटीए के तहत ईएफटीए ने अगले 15 साल में भारत में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। यह भारत का ऐसे समूह के साथ पहला आधुनिक व्यापार करार है, जिसमें विकसित देश शामिल हैं। किसी व्यापार करार में यह पहला मौका है, जब ईएफटीए अगले 15 साल में बड़ा निवेश करेगा। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य देशों में आइसलैंड, लीशटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। इस समझौते में माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल है। हालांकि एफटीए का जो अब तक का भारत का अनुभव है, उसमें अधिक फायदा साझीदार देश या समूह को ही मिला है। उदारीकरण व मुक्त बाजार व्यवस्था में भी यही हाल हुआ। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ से एफटीए के बाद अब भारतीय उद्यमियों, सेवाओं और उत्पादों को यूरोपीय बाजार तक पहुंच आसान व किफायती होती जाएगी। भारत मुक्त व्यापार समझौते के जरिये अमेरिकी या चीनी बहुपक्षीय ट्रेड खेमे में जाने की बजाय ग्लोबल ट्रेड में अपने रणनीतिक विस्तार को बढ़ावा दे रहा है। भारत और ईएफटीए आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए जनवरी, 2008 से आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) समझौते पर बातचीत कर रहे थे। 16 वर्ष लगे। दोनों पक्षों ने अक्टूबर, 2023 में वार्ता फिर शुरू की और इसे तेजी से पूरा किया। ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं। इस नए एफटीए का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन भारत को अपने मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत व वोकल फॉर लोकल अभियान पर भी ध्यान बनाए रखना होगा। यह सावधानी भी जरूरी है कि एफटीए से भारत एक डंपिंग राष्ट्र में तब्दील न हो जाय। भारत को एफटीए वो राष्ट्र में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाना आना चाहिए। भारत 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ अलग से एक वृहद मुक्त व्यापार करार के लिए बातचीत कर रहा है। इससे पहले भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) तथा ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए वार्ता को तेजी से पूरा करने की रणनीति अपनाई थी। भारत-ईफएटीए का द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में 18.65 अरब डॉलर रहा था। यह 2021-22 में 27.23 अरब डॉलर था। इन देशों में स्विट्जरलैंड, भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। नवंबर 2019 में भारत क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) से बाहर हो गया था। उसके बाद भारत ने नीतिगत स्तर पर एफटीए को बढ़ावा दिया। वर्ष 2021 में भारत व ईयू की वार्ता शुरू हुई। अभी यूएई, यूके, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के साथ भी बातचीत जारी है। भारत का मॉरीशस के साथ व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौता (सीईसीपीए) है। दक्षिण एशिया तरजीही व्यापार समझौता (साफ्टा) 1995 में लागू हुआ था। एशिया प्रशांत व्यापार समझौता (एपीटीए) भी है, जिसका उद्देश्य सदस्य देशों द्वारा पारस्परिक रूप से सहमत रियायतों के आदान-प्रदान के माध्यम से अंतर-क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देना है। पिछले एक दशक में भारत ने दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ, दक्षिण कोरिया, जापान और मलेशिया के साथ एफटीए किया है।

## सारा संसार



कुतुब मीनार भारत में दक्षिण दिल्ली शहर के महरौली भाग में स्थित, ईंट से बनी विश्व की सबसे ऊँची मीनार है। यह दिल्ली का एक प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल है।

# समाप्ति की ओर वामपंथी उग्रवाद



नक्सल हिंसा

उज्ज्वल दीपक

गरीबों और आदिवासियों को समाज में समाहित करने और सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में लोगों का आत्म-विश्वास बढ़ रहा है। भारतीय संविधान में विरोध और विचारों में मतभेद को पूरे सम्मान के साथ स्वीकार किया गया है। 125 करोड़ से अधिक जनसंख्या और 10,000 से ज्यादा बोलियां और सर्वाधिक सांस्कृतिक समृद्धता वाले भारत में सभी के विचारों का एक दूसरे से सहमत होने की कल्पना भी बेमानी होगी। किंतु जब ये मतभेद 'विचारों' की जगह 'हथियारों' से प्रकट किए जाएं तो वही संविधान शासन को कड़े कदम उठाने की भी शक्ति प्रदान करता है। चुनौती बनकर खड़े होने वाला वामपंथी उग्रवाद अब समाप्ति की ओर है।

हिंसा द्वारा लोकतंत्र को चुनौती देने का वामपंथी उग्रवादियों का लंबा इतिहास रहा है। इस तथाकथित 'विचारधारा की लड़ाई' ने प्रभावित क्षेत्रों में न सिर्फ विकास ठप किया बल्कि पिछले चार दशकों में हिंसा के चलते 16,652 सुरक्षाकर्मियों और नागरिकों ने जान गंवाई हैं। विडंबना यह है कि उग्रवादियों ने जल, जंगल और जमीन की लड़ाई की आड़ में विकास कार्यों को अवरुद्ध किया और स्कूल, अस्पताल एवं सड़कों के निर्माण होने से रोका है। आदिवासियों के हक़ की बातें करने वाले गैर सरकारी संगठन एवं विदेशी वित्तीय सहायता से पनप रहे कुछ अर्बन नक्सलियों की मदद से विदेशी हथियारों की खेप इन उग्रवादियों तक पहुंचाई जाती रही है।

आदिवासियों को ढाल की तरह इस्तेमाल करने की वजह से ही सरकार को बल प्रयोग करने से पहले कई बार सोचना पड़ता है। दशकों से कांग्रेस सरकार की वामपंथियों के प्रति सहानुभूति, जिसकी वजह से उपजी विफलता और शोषण के फलस्वरूप ही इतने वर्षों तक आदिवासी समुदाय को वामपंथी उग्रवाद दिग्भ्रमित करने में सफल होता रहा है। 2014 के बाद से इस स्थिति में आमूलचूल बदलाव हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के कड़े निर्णयों की वजह से वामपंथी उग्रवाद का प्रभाव आज बहुत सीमित हो चुका है और लड़ाई अब अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। आत्मनिर्भर नए भारत में विकास और शांति के सन्देश के साथ गृह मंत्रालय ने वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए तीन आयामी रणनीति बनाई। बेहतर रणनीति से उग्रवादियों पर लगाम, बेहतर केंद्र-राज्य समन्वय और विकास से जन भागीदारी। इस तीन आयामी रणनीति से पिछले 10 वर्षों में वामपंथी उग्रवाद पर लगाम कसने में ऐतिहासिक सफलता मिली है जो कि आंकड़ों से परिलक्षित होती है। पिछले 35 वर्षों में वामपंथी उग्रवाद से सबसे कम हिंसक घटनाएं और 40 वर्षों में सबसे कम मृत्यु इस वर्ष रिपोर्ट की गई। हिंसक घटनाएं वर्ष 2010 के उच्च स्तर की तुलना में 76 प्रतिशत घट गई। वामपंथी उग्रवाद के भौगोलिक प्रसार में भी लगातार गिरावट आई है। पिछले वर्ष हिंसा की घटनाएं केवल 45 जिलों के 176 थानों से रिपोर्ट की गई थी, जबकि 2010 में 96 जिलों के 465 थानों में हिंसा की घटनाएं हुई थीं। इसका सिकुड़ता दायरा इस बात से भी परिलक्षित होता है कि पिछले वर्ष 72 प्रतिशत हिंसा की सूचना केवल 10 जिलों से रिपोर्ट हुई है। थानों के स्तर पर देखें तो 50 प्रतिशत हिंसा केवल 30 थानों से रिपोर्ट हुई हैं। पिछले कई दशकों के बाद पहली बार आम नागरिकों और सुरक्षाबलों की मृत्यु की संख्या विगत वर्ष 2021 में 100 से कम रही। वामपंथी उग्रवाद ऐतिहासिक रूप से ऐसे क्षेत्रों में पनपा जहां पर गरीबी ने अपनी जड़ें जमा रखी थी। उनके विचार से प्रभावित समूहों ने गरीबी से प्रभावित लोगों की असंतुष्टि को खाद पानी के रूप में इस्तेमाल करके उग्रवाद के बीज बोए थे। इन समूहों को स्थानीय समर्थन मिलने की वजह से सुरक्षा संस्थाओं को समस्याओं का सामना करना पड़ता था, परन्तु 2014 के बाद स्थिति बदली। मोदी सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं का प्रसार इन क्षेत्रों में भी



हुआ और लोगों को यह विश्वास हुआ की सरकार ही उनकी सच्ची हितैषी है, न कि उग्रवादी! विकास से जन भागीदारी के तहत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में और गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने प्रभावित क्षेत्रों में गरीब कल्याण और विकास के लिए योजनाओं पर अतिरिक्त जोर देकर सुरक्षा एजेंसियों के प्रयासों में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की है।

उग्रवादियों पर लगाम कसने की रणनीति के तहत सुरक्षा वैक्यूम तथा कोर एरिया को कम किए जाने के भरसक प्रयास किए गए हैं. 2019 के बाद से 195 नए शिविर खोले गए हैं, जिन्होंने कुछ क्षेत्रों को छोड़ कर प्रभावित क्षेत्रों में सिक्यूरिटी वैक्यूम लगभग शून्य कर दिया है। इस रणनीति के सकारात्मक परिणाम देखे जा रहे है और बिहार के बरमसिया, चकरबंदा तथा झारखंड के बूढ़ा पहाड़, पारसनाथ जैसे माओवादियों के गढ़ों में अपने कैम्प स्थापित कर वहाँ पर सेक्युरिटी वैक्यूम को पूरी तरीके से खत्म करने में सफलता प्राप्त की है। इंटेलिजेंस आधारित ऑपरेशनों के माध्यम से 14 पोलित ब्यूरो तथा सेंट्रल कमेटी मेम्बर के नेताओं को न्यूट्रलाइज कर दिया गया है, जिससे वरिष्ठ माओवादी नेतृत्व में एक बड़ा शून्य पैदा हो गया है। सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के खिलाफ ऑफेंसिव रणनीति अपनाते हुए नक्सलियों को घेरा। बेहतर केंद्र राज्य समन्वय के तहत केंद्र ने प्रभावित राज्यों की सरकारों को बिना भेदभाव के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल बटालियन, हेलीकॉप्टर, प्रशिक्षण, राज्य पुलिस बलों के आधुनिकीकरण के लिए धन, उपकरण और हथियार, खुफिया जानकारी, फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन का निर्माण आदि के लिए मदद मुहैया करवाई। राज्यों के क्षमता निर्माण के लिए पिछले 09 वर्षों में प्रभावित राज्यों को 2606 करोड़ रुपये जारी किए गए। राज्यों के विशेष बलों और विशेष खुफिया शाखाओं को पिछले पांच वर्षों में 1724 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। 536 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन का निर्माण किया गया और 102 फोर्टिफाइड पुलिस स्टेशन बनाए जा रहे हैं। केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत कैंप इंफ्रास्ट्रक्चर हेतु 106 करोड़ और 6 अस्पतालों के उन्नयन के लिए 12.06 करोड़ रुपये दिए गए। सड़क सम्पर्क को बेहतर करने के लिये 12100 किलोमीटर सड़कों की स्वीकृति पिछले 9 वर्षों में दी गई और लगभग 10350 किलोमीटर सड़कों का निर्माण हुआ है। डाक विभाग ने प्रभावित जिलों में पिछले 9 वर्षों में बैंकिंग सेवाओं के साथ 4903 नए डाकघर खोले। इसके साथ ही जनजातीय युवा एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत अब तक 26.5 करोड़ रुपये के खर्चे के साथ 22,000 युवाओं को देश के बड़े और विकसित क्षेत्रों के दौरे के लिए ले जाया गया। इसका उद्देश्य इन युवाओं को तकनीकी/औद्योगिक उन्नति से अवगत कराना है ताकि उन्हें वामपंथी उग्रवाद के प्रभाव से दूर किया जा सके।

सरकार की विकास योजनाओं के लाभ को सर्वसाधारण तक पहुंचाने की पहल सफल हुई है और इससे नक्सलियों की संरचना में दबाव महसूस हो रहा है। गरीबों और आदिवासियों को समाज में समाहित करने और सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में लोगों का आत्म-विश्वास बढ़ रहा है। भारतीय संविधान में विरोध और विचारों में मतभेद को पूरे सम्मान के साथ स्वीकार किया गया है। 125 करोड़ से अधिक जनसंख्या और 10,000 से ज़्यादा बोलियां और सर्वाधिक सांस्कृतिक समृद्धता वाले भारत में सभी के विचारों का एक दूसरे से सहमत होने की कल्पना भी बेमानी होगी। किंतु जब ये मतभेद 'विचारों' की जगह 'हथियारों' से प्रकट किए जाएं तो वही संविधान शासन को कड़े कदम उठाने की भी शक्ति प्रदान करता है। विदेशी हथियारों और देश विरोधी ताकतों के सहयोग से चुनौती बनकर खड़े होने वाला वामपंथी उग्रवाद अब समाप्ति की ओर है और प्रधानमंत्री मोदी का 'सबका विकास, सबका साथ, सबका प्रयास' अब मूर्त रूप ले रहा है।

## सिया राम मय सब जग जानी



संकलित

दर्शन

हमारे वेद कहते हैं- सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया...अर्थात सब सुखी हों, सब निरोगी हों। वहां कोई, वर्ण, जाति, समूह और पक्ष-विपक्ष की बात ही नहीं है। हमारे ऋषि मुनियों ने युगों पहले यह सूत्र दे दिया था-वसुधैव कुटुंबकम्-यानी पूरी वसुधा ही हमारा परिवार है। संपूर्ण विश्व के लोगों के सुख और स्वास्थ्य की कामना भारतीय दर्शन का मूल है। न सिर्फ मनुष्य, बल्कि जीव मात्र के हित की इच्छा रखना ही सनातनी परिचय है। मैं राम कथा गाता हूं। राम राज के मूल में भी सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया की ही भावना है। भगवान श्रीराम ने सेतु बनाया। आज पूरे विश्व में समाज के विभिन्न वर्गों के बीच सेतु बनाए जाने की आवश्यकता है। जिसमें भी राम तत्व होगा, वह केवल जोड़ने की बात करेगा, तोड़ने की नहीं। सत्य, प्रेम और करुणा प्रमुख राम तत्व हैं। जिसमें ये तत्व होंगे, वह वंचितों तक पहुंचेगा। राम समाज के वंचित लोगों के पास स्वयं चलकर गए। केवट, शबरी, अहिल्या के प्रसंग इसके प्रमाण हैं। आज समाज की एक बड़ी जरूरत है कि सक्षम लोग वंचित लोगों तक, अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों तक स्वयं चल कर पहुंचें। मानस में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन हुआ है। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने सातवीं भक्ति पूरे संसार को ब्रह्ममय मानना-देखना बताई है-'सातवं सम मोहि मय जग देखा।' जब हम पूरे संसार को ब्रह्ममय देखेंगे, महसूस करेंगे तो किसी के भी दोष दिखाई नहीं देंगे।

## यात्रा में नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित

प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हो, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

## अनदेखी

योगेंद्र माथुर



# नंबर प्लेट के नियमों का हो पालन

अपने वाहन की नंबर प्लेट पर नंबर की जगह अपने पद, प्रतिष्ठा और पहचान का खास शब्द, नाम या स्लोगन लिखने अथवा चित्र या प्रतीक बनाने का फैशन छोटे शहरों से लेकर महानगरों तक में प्रायः देखा जाता है। विभिन्न नामों व आकृतियों वाली नंबर प्लेट के वाहन परिवहन नियमों को धता बताते हुए सड़कों पर बेखौफ दौड़ते हैं और अपना रौब गांठते हैं, लेकिन न तो यातायात पुलिस और न ही संबंधित विभाग इस मामले में कोई संज्ञान लेते हैं और न ही कोई कार्रवाई कभी करते दिखते हैं। परिणामस्वरूप ऐसे लोगों का दुस्साहस बढ़ता चला जाता है। यातायात नियमों के अनुसार वाहन की नंबर प्लेट पर नंबर निर्धारित आकार, रंग व तरीके से लिखवाया जाना आवश्यक होता है। विशेष डिजाइन, आकार व रंगों में लिखना और उसके साथ नंबर प्लेट पर अन्य कुछ अंकित करना गैरकानूनी होता है। सड़कों पर दौड़ने वाले अधिकांश दोपहिया व चौपहिया वाहनों की नंबर प्लेट पर वाहन चालकों द्वारा नंबर के बदले या नंबर के साथ साथ कुछ विशेष स्लोगन या नारे लिखे हुए हमें प्रायः देखने को मिलते हैं। कई वाहन चालक अपने बच्चों के नाम अपने वाहन की नंबर प्लेट पर लिखा कर बच्चों के प्रति अपना प्रेम उजागर करते दिखते हैं। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक दलों या धार्मिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े वाहन चालक संबंधित दलों, संगठनों के पूरे नाम या संक्षिप्त नाम और उनसे जुड़े अपने पद का नाम लिखा कर अपनी प्रतिष्ठा व पहचान दर्शा कर दूसरों पर विशेषकर यातायात पुलिस आदि पर अपना प्रभाव दर्शाने का जतन करते हैं। 'प्रेस' शब्द का भी खूब जमकर दुरुपयोग किया जाता है। प्रायः वाहन चालकों की यह सोच होती है कि अपने वाहन की नंबर प्लेट पर 'प्रेस' शब्द लिखकर वे चाहे जहां, जब-तब आ-जा सकते हैं और पुलिस की किसी प्रकार की चेकिंग या चालानी कार्रवाई से बचा जा सकता है। बड़ी संख्या में ऐसे वाहन इन शहरों में दौड़ लगा रहे होते हैं, जिन्होंने अपनी नंबर प्लेट पर नंबर तो लिखा रखे होते हैं लेकिन छोटे-बड़े आकार में या इस तरह की डिजाइन अथवा आकृति बना कर अंकित करवाए जाते हैं कि आम राहगीर या पुलिस सामान्य रूप से उन्हें पढ़ या समझ नहीं पाए। ऐसे वाहन किसी प्रकार की दुर्घटना के बाद आम राहगीरों के साथ पुलिस को भी आसानी से चकमा देकर निकल सकने में सक्षम होते हैं और प्रायः सफल भी हो जाते हैं, क्योंकि नंबर 'विशेष' तरीके से लिखे होने के कारण दुर्घटना आदि के समय इनके भागने के प्रयास के दौरान इनके नंबर का पढ़ पाना सामान्य रूप से संभव नहीं हो पाता। नंबर के अभाव में इनके चालक की पहचान करना भी मुश्किल होता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### देश में गरीबी घटने का यथार्थ

हाल ही में अमरीकी थिंक टैंक ब्रुकिंग्स की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि हमारे देश में गरीबी कम हो रही है और हमारा देश गरीबी से उबर रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश के शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्रों में असामानता भी कम हुई है। यह हमारे देश के लिए अच्छी बात है कि गरीबी कम हुई है, लेकिन अभी भी भारत को गरीबी से निपटने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है। हमारे देश में गरीबी के वैसे तो बहुत से कारण हो सकते हैं, लेकिन जनसंख्या वृद्धि और पर्यावरण के कारण भी गरीबी बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। मौसम चक्र के बिगड़ने के कारण दुनिया भर में इसका कृषि पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। - **रमेश पाठक**, रायगढ़

## ट्रेंड

### जनता का आभार

परिवार के सदस्य की तरह स्नेह देने के लिए पोरबंदर लोकसभा की जनता का आभार। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व, उनकी विकासवादी नीतियों और कार्यकर्ताओं के परिश्रम के साथ हम फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



-मनसुख मंडाविया, केंद्रीय मंत्री

### अबाधित पहुंच बनानी होगी

सूडान में 18 मिलियन लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। बीमारी और कुपोषण एक घातक संयोजन है। यदि अब भोजन की अबाधित पहुंच की सुविधा नहीं दी गई, तो भयावह भुखमरी, बीमारी का प्रकोप और मौतें हो सकती हैं।



-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### गेंद पर खास नियंत्रण

मैंने एंडरसन को पहली बार 2002 में ऑस्ट्रेलिया में खेलते देखा था और गेंद पर उनका खास नियंत्रण था। नासिर हुसैन ने तब उनकी बहुत तारीफ की थी और आज भी, मुझे यकीन है, वह कहेंगे, "मैंने बोला था" - कि उन्होंने इसे जल्दी बुलाया था।



-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### हर नागरिक को हक मिलेगा

पांच न्याय का परचम अपनी गली-गली की दीवार, सब अंधेरे डूब जायेंगे, जब निकलेगा न्याय। यह न्याय-गीत उस भविष्य का सपना है जहां हर मत को न्याय मिलेगा, हर नागरिक को हक मिलेगा।



-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

## करंट अफेयर

# नेतन्याहू इजराइल को नुकसान पहुंचा रहे हैं

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने शनिवार को कहा कि उन्हें लगता है कि इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू गाजा में हमास के खिलाफ अपने युद्ध के तरीके से 'इजराइल की मदद करने के बजाय उसे नुकसान' पहुंचा रहे हैं। अमेरिकी नेता ने सात अक्टूबर के हमले के बाद हमास के खिलाफ कार्रवाई के इजराइल के अधिकार के प्रति समर्थन जताया लेकिन साथ ही कहा कि नेतन्याहू को 'इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप निर्दोष लोगों की मौत की घटनाओं पर और ध्यान देना चाहिए।' बाइडन कई महीनों से कहते आए हैं कि इजराइल गाजा में बड़ी संख्या में आम नागरिकों की मौत होने के कारण अंतरराष्ट्रीय सहयोग खो सकता है।



## ऑफ बीट

# चिंता दूर करने की दवा प्रीगैबलिन से मौत बढ़ी

चिंता–घबराहट की समस्या को दूर करने के लिए आमतौर पर दी जाने वाली दवा प्रीगैबलिन से होने वाली मौतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हाल की प्रेस रिपोर्ट में इन मौतों को 'जीवन को नुकसान पहुंचाने वाली' दवा के कारण होने वाली 'अमेरिकी शैली की ओपिओइड महामारी' के संकेत के रूप में दर्शाया गया है। यह तर्कसंगत तुलना नहीं है, यह देखते हुए कि ओपिओइड (दर्द निवारक दवा) के कारण हजारों अमेरिकियों की मृत्यु हो गई है। ये रिपोर्ट केवल दवा के बारे में अनुचित दहशत पैदा करने का काम कर सकती हैं, खासकर उन लोगों में, जिन्हें डॉक्टरों ने उपयोग करने की सलाह दी है।



## संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की मौत

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गोडहिया नंबर एक के मजरे टेपरहन पुरवा निवासी राम नरेश उम्र 62 वर्ष को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनरेश पुत्र गंगादीन उम्र 62 वर्ष निवासी टेपरहन पुरवा सोमवार को भैंस चराने के लिए गए हुए थे। इसी बीच सडक के किनारे अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी ।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### जगह-जगह रही बजरंगबली के जयकारों की धूम, भंडारे का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगल के अवसर पर बाबागंज व रूपईडीहा क्षेत्र में कई जगह विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान भंडारे पर प्रसाद ग्रहण वाले श्रद्धालुओं का तांता लग रहा। कस्बा बाबागंज में गौशाला के निकट ग्राम प्रधान सोरहिया फौजदार वर्मा के द्वारा बजरंगबली की पूजा के साथ विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमे छोला, चावल व हलुआ का प्रसाद देर शाम तक वितरण किया गया। देर शाम तक सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अरविन्द वर्मा, विष्णू चौरसिया, रामबरन वर्मा आदि भंडारे की व्यवस्था मे बराबर लगे रहे। वहीं बाबागंज चौराहे पर रितिक गुप्ता व अनुज वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से भंडारे का आयोजन किया गया। डीजे की धुन पर हनुमान जी के जयकारे व भजनों के बीच सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बजरंग बली का प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर बाबादीन वर्मा, निर्मिलेश वर्मा, अशोक वर्मा, नन्दकिशोर वर्मा, भोला मिस्त्री, मदन यादव, ज्ञानेंद्र शुक्ला आदि प्रसाद वितरण मे लगे

### बांदा में गर्मी से लोग हुए बेहाल

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बुंदेलखंड में नौतपा के पहले दिन लोगों को झुलसने वाले गर्मी का सामना करना पड़ा है। सूरज की प्रचंड गर्मी के आगे सड़कों पर सन्नाटा दिखा जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से बाहर निकले है। वही बांदा का अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस होने पर दोपहर घर आग बरसती रही। मान्यता है कि इन नौ दिनों में सर्वाधिक गर्मी पड़ती है। पिछले साल नौतपा में बारिश हो जाने की वजह से अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था।

## लैंड कस्टम चेक पोस्ट भारत नेपाल सीमा किया सील, आने-जाने पर रोक

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर




रूपईडीहा, बहराइच ।भारत नेपाल सीमा स्थित रुपईडीहा की लैंड कस्टम चेक पोस्ट ने भारत नेपाल सीमा को अकारण ही मंगलवार सुबह से ही लगभग साढे तीन घंटे के लिए बंद कर दिया गया। सुबह 6:00 बजे से 9:30 बजे तक कस्टम का चेक पोस्ट 927 एनएच बंद रहा, जिससे भारत नेपाल सीमा के दोनों तरफ के नागरिकों, पैदल, मोटरसाइकिल, छोटी गाड़ी, चार पहिया वाहन को रोक दिया गया जिससे आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कस्टम बैरियर दोनों तरफ से बंद किया गया तो लोगों में अफरा तफरी का माहौल रहा। लोग यह नही समझ पाये कि आखिर किस कारण से अचानक सीमा को बंद कर दिया गया है। यह खबर चारों तरफ फैल गई, हजारों की संख्या में लोग जमा हो गए। जब इस संबंध में रूपईडीहा कस्टम पर ड्यूटी कर रहे हैं कस्टम के सिपाही श्याम मिश्रा से पूछा गया तो उसने बताया कि हमारे कस्टम इंस्पेक्टर का आदेश है। इस संबंध में जब कस्टम के अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की गई तो पता चला कि पूरा कस्टम कार्यालय खाली पड़ा है। सिर्फ एक ही सिपाही के बल पर चल रहा है। सिर्फ एक सिपाही की ड्यूटी कस्टम चेक पोस्ट पर था, उसने बताया सभी अधिकारी आईसीपी कार्यालय जा चुके हैं। तत्पश्चात कस्टम के इंस्पेक्टर से टेलीफोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने बताया की गाड़ियों के आवागमन में जो अधिसूचना हमको मिली है उसमें हम लोगो में थोड़ा सा कंफ्यूजन है इसलिए सीमा पर थोड़ी देर के लिए आवागमन रोक दिया गया था। उच्च अधिकारियों से बात करके कंफ्यूजन को खत्म किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नेपाल से जो भारत नेपाल मैत्री बस सेवा चलती है उस संबंध में आईसीपी का अधिकारियों एवं कस्टम के अधिकारियों में कुछ क्लियर नहीं हो पा रहा है कि वह बस आईसीपी से जाएं या कस्टम बैरियर होकर जाए, क्योंकि आईसीपी माल वाहक गाड़ियों के लिए बनाई गई है ।इसलिए सवारी बसों को पुराने रास्ते से यानी कस्टम कार्यालय होकर जाने दिया जा रहा था। इस पर लैंड पोर्ट अथॉरिटी ने ऑब्जेक्शन किया है कि इन गाड़ियों को आईसीपी होकर ही भेजा जाए। इसी के तहत भारत नेपाल सीमा पर लगी हुई एसएसबी ने उन गाड़ियों को कस्टम होकर के नेपाल जाने से रोक दिया जबकि हमारे पास लिखित आदेश है की सवारी गाड़ियों को पुराने रास्ते से ही जाने दिया जाए, इन्हीं कारणों से कुछ कंफ्यूजन है जिसको क्लियर किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो यह मामला लैंड कस्टम आरएसएसबी तथा आईसीपी के अधिकारियों के आपसी तनातनी के कारण उत्पन्न हुआ जो मैत्री बसें चलती है, आईसीपी चाहती है कि उन बसों को आईसीपी से होकर ही भेजा जाए जबकि लैंड कस्टम चाहता है की इन बसों को क्योंकि यह सवारी गाड़ियां है इसलिए इनको पुराने रास्ते यानी लैंड कस्टम होकर के ही जाने दिया जाए। दोनों विभागों की वर्चस्व की लड़ाई में जहां एक तरफ रूपईडीहा बाजार में व्यापारियों का करोड़ों का घाटा हो रहा है वही आम जनमानस परेशान होता दिख रहा है। हद तो तब हो गई जब नेपाल से आई हुई एंबुलेंस को लैंड कस्टम रूपईडीहा के कर्मचारियों ने नहीं जाने दिया और आईसीपी भेज दिया और आईसीपी के कर्मचारियों ने वापस लैंड कस्टम भेज दिया। उसको 3 घंटे इंतजार करने के बाद नेपाल जाने दिया गया।

## देहात इंडिया संस्था द्वारा जैतापुर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार




रूपईडीहा, बहराइच। देहात इंडिया संस्था द्वारा बहराइच के नवाबगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत जैतापुर मंजरा रामपुर में आयोजित कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है, जो बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक समस्या को संबोधित करने का प्रयास करती है। इस कार्यक्रम में धार्मिक गुरुओं को बाल विवाह के खिलाफ अपील करने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आमंत्रित किया गया था। बाल विवाह भारत में एक प्राचीन समस्या है, जो समाज के कई हिस्सों में आज भी प्रचलित है। इस प्रथा के खिलाफ लड़ाई में धार्मिक गुरुओं की भागीदारी महत्वपूर्ण हो सकती है क्योंकि वे समाज में बड़े पैमाने पर प्रभाव रखते हैं। धार्मिक नेता समाज के लोगों के बीच नैतिक और सामाजिक मूल्यों को प्रभावित करने की शक्ति रखते हैं। इस बैठक मे पंडित निरंजन मिश्रा और देहात इंडिया टीम से जिला समन्वयक इमरान और ब्रांच आफिस से कार्यक्रम समन्वयक व टीम की उपस्थिति इस बात का संकेत है कि संस्था इस मुद्दे को गंभीरता से ले रही है और इसे जमीनी स्तर पर हल करने का प्रयास कर रही है। बैठक के दौरान, बाल विवाह के नकारात्मक प्रभावों पर चर्चा की गई। बाल विवाह के कारण लड़कियों को शिक्षा से वंचित होना पड़ता है, जिससे उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त, कम उम्र में विवाह होने के कारण लड़कियों का शारीरिक और मानसिक विकास भी प्रभावित होता है। कुल मिलाकर, देहात इंडिया द्वार रामपुर गांव में आयोजित यह बैठक एक सकारात्मक कदम है। यह दिखाता है कि सामाजिक परिवर्तन के लिए धार्मिक और सामाजिक संगठनों के बीच सहयोग कैसे किया जा सकता है।

## कस्बा रुपईडीहा में बड़े मंगल पर रही भंडारे की धूम



जेठ माह के प्रथम बड़े मंगल पर जगह-जगह हुआ प्रसाद का वितरण

अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा में जेठ माह के प्रथम मंगलवार को जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। यूनिक ऑटो सेंटर नेपालगंज रोड रुपईडीहा पर रमेश शर्मा व शुक्ला परिवार की तरफ से बिल्लू शुक्ला, कृष्ण बजाज एजेंसी नई बस्ती नानपारा रोड पर कन्हैया वर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी सुनीता वर्मा के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। इसके साथ ही स्टेशन रोड, माल गोदाम रोड, रामलीला चौराहा, चकिया रोड आदि दर्जनों जगह पर भी भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान रुपईडीहा अंतर्गत ग्राम केवलपुर, रानी पुरवा, पचपकरी, पोखरा सहित नेपालगंज, नानपारा, बाबागंज, पटना कॉलोनी, करिगा गांव, जमुनहा गांव व नेपाल से आने जाने वाले हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर जय श्री राम, जय बजरंगबली के नारे लगाकर भंडारे का आनंद लिया। इस मौके पर कन्हैया वर्मा, श्याम शर्मा और बिल्लू शुक्ला ने कहा की यह प्रसाद वितरण का कार्यक्रम जेठ माह मे हर मंगलवार को किया जाना है।

## महराजगंज में 272 याक के पूंछ के बाल बरामद

- नेपाल से तस्करी कर भारत लाया जा रहा था, वर्ल्ड लाइफ एनिमल एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज, महराजगंज से सटे नेपाल बॉर्डर पर नेपाल से तस्करी कर भारत लाए जा रहे याक के पूंछ के बाल बरामद किए गए हैं। पूरा मामला कोल्हुई थाना क्षेत्र का है। यहां नेपाल सीमा पर बने एसएसबी कैंप से सटे गांव कास्थ खैराघाट के पास से भारी मात्रा में याक के पूंछ के बाल बरामद किए गए। यह बाल बोरे में छिपाकर तस्करी कर नेपाल से भारत में लाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि एसएसबी जवान गस्त पर थे। तभी नेपाल से तस्करी का सामान भारत में लाने की सूचना मिली। इस पर सतर्कता बरतते हुए जवानों ने याक के पूंछ के बाल को बरामद किया। इस दौरान मौके से सभी तस्कर सामान छोड़कर फरार हो गए। मौके पर पहुंचे एसएसबी कमान्डेंट सुघवीर घोस ने सभी सामानों को अपने कब्जे में लेकर कैंप लाकर इसकी जानकारी वन विभाग को दी। अधिकारियों ने बताया कि कुल तीन बोरे में 272 याक के पूंछ बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड लाइफ एनिमल एक्ट के तहत कार्रवाई की जा जाएगी ।वन विभाग के दरोगा जितेंद्र कुमार ने बताया कि तस्करी का समान एसएसबी ने पकड़ा था। सभी सामानों को जांच के लिए ले जाया जा रहा है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## महराजगंज में प्रेक्षक ने ईवीएम कमीशनिंग का किया निरीक्षण

- ईवीएम में सिंबल लोडिंग कार्य और मॉक पोल का भी किया अवलोकन

अमन लेखनी समाचार



महराजगंज, महराजगंज में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु लोकसभा क्षेत्र-63 महराजगंज की सामान्य प्रेक्षक गुरप्रीत कौर सप्रा द्वारा ईवीएम कमीशनिंग का निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक ने विधानसभावार फरेंदा सिसवा, पनियरा, नौतनवा और महराजगंज सदर के ईवीएम कमीशनिंग को देखा। उन्होंने ईवीएम में सिंबल लोडिंग कार्य को देखा और मॉक पोल का भी अवलोकन किया। सिंबल लोडिंग का कार्य बीईएल के इंजीनियरों द्वारा किया जा रहा है। प्रेक्षक महोदया ने सिंबल लोडिंग और आयोग के निर्देशानुसार प्रति विधानसभा 5 प्रतिशत मशीनों पीआर मॉक पोल को प्रत्याशी एवं अभिकर्ता की उपस्थिति में ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रत्याशियों के अभिकताओं व मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों को की उपस्थिति को यथासंभव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि प्रत्याशी पूरी प्रक्रिया से अवगत रहें। साथ ही स्ट्रांग रूम का लॉक उनकी उपस्थिति में खोला और बंद किया जाए।

उन्होंने आवश्यक प्रपत्रों पर प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर भी करवाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही खराब मशीनों के कारण का विस्तृत उल्लेख करते हुए अभिलेखीकरण करने के लिए भी कहा।

## यू.के. रॉयल अवार्ड विनर आरती ने डीएम से की भेंट

घर पहुंचने पर आरती का हुआ जोरदार स्वागत

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। जनपद के विकास खण्ड रिसिया की ग्राम पंचायत बभनी सैदा निवासी पिंक ई-रिक्शा चालक लन्दन में प्रिंस ट्रस्ट के द्वारा यू.के. रॉयल अवार्ड प्राप्त करने के उपरान्त सोमवार को जनपद पहुंच गई है। जनपद पहुंचने पर रिक्शा चालक आरती ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी से भेंट की।

डीएम मोनिका रानी ने यू.के. रॉयल अवार्ड से सम्मानित होने पर आरती को पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर बधाई दी तथा अपने हाथों से मिष्ठान खिलाकर आरती का मुंह मीठा कराया। डीएम ने आरती से कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने से अब आप जिले की महिलाओं के रोल मॉडल बन गई हैं।

उन्होंने आरती का आहवान किया कि आकांक्षात्मक जिले की अधिक से अधिक महिलाओं स्वावलाम्बन के लिए प्रेरित करें। उल्लेखनीय है कि अपने गांव पहुंचने पर परिवार के साथ-साथ ग्रामवासियों ने पूरी गर्मजोशी के साथ परम्परागत ढंग से घर आयी बेटी का स्वागत कर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ग्राम का मान बढ़ाने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर गांव में एक समारोह आयोजित कर ग्राम प्रधान व अन्य द्वारा आरती को सम्मानित भी किया गया।

## चार महीने से भटक रही महिला को सोशलमीडिया के माध्यम से समाज सेवी ने परिवार से मिलवाया

- थाना बौंडी क्षेत्र की महिला भटकर रूपईडीहा थाना क्षेत्र के गावों में कर रही थी निवास
- जिस महिला को बौंडी पुलिस नहीं ढूंढ सकी तो ग्रामीण ने खोज परिवार से मिलाया

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल



बहराइच ।एक लापता हुई महिला को बौंडी पुलिस चार महीने से नहीं खोज सकी। वहीं एक ग्रामीण ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर महिला को खोज कर परिवारजनों को मिलवा दिया जिससे उस ग्रामीण की सराहना क्षेत्र के लोग कर रहे हैं। वहीं पुलिस के कार्य शैली पर भी लोग उंगली उठा रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म भले ही लोग मनोरंजन की दृष्टि से देखते हो लेकिन कभी कभार सोशलमीडिया अपनो से बिछड़े लोगों को मिलाने का भी काम करती है। 8 फरवरी 2024 को बौंडी थाना क्षेत्र के गांव बभनौटी शंकर पुर निवासी शिव प्यारी पत्नी महानंद महिला जो की मामूली मंदबुद्धि थी भटक कर कहीं खो गई। तलाशने के लिए महिला की 21 वर्षिय पुत्री ममता ने क्षेत्रीय थाना बौंडी में लिखित रूप से सूचना दी थी और खुद महिला को आसपास के कई गांव में तलाशा था लेकिन सफलता नहीं मिली। परिवार जन महिला को खोजते खोजते हार थक कर निराश हो गए थे ।वही वह महिला भटक कर पिछले दो महीने से रुपईडीहा थाना क्षेत्र के चिकनिया तथा आसपास के गांव में रह रही थी और आसपास घरो से भोजन मांग कर अपना भरण पोषण कर रही थी। इस महिला को जब थाना रुपैडिहा क्षेत्र के चिकिनिया गांव निवासी विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता व समाजसेवी संतोष कुमार वर्मा ने कई महीने से लगातार भटकते देखा तो बात करने का प्रयास किया। महिला ने बताया कि वह कई महीने पूर्व भटक कर गलती से यहां आ गई इसके बाद वह अपने घर नहीं पहुंच पा रही है। महिला को ससुराल का पता याद नहीं आ रहा था लेकिन उसे अपने मायके का पता बिहार याद था। जिस पर समाजसेवी संतोष वर्मा ने सोशल मीडिया पर उनकी फोटो सहित एक पोस्ट डाली और कई सोशल मीडिया ग्रुपों पर शेयर की। सोशल मीडिया की यह ताकत रही की पोस्ट महिला के ससुराल जनो बौंडी थाना क्षेत्र तक पहुंच गई और परिवारजन लोग सोमवार को चिकनिया गांव पहुंचे और खुद को महिला का परिजन बताया और साक्ष्य भी दिखाया ।इस दौरान काफी संख्या में इकट्ठा हुए ग्रामीणों के बीच समाजसेवी संतोष वर्मा ने महिला को उनके परिजनों को सौंप दिया ।महिला को घर वापस ले जाने वालों में बछराज विश्वकर्मा पुत्र मुनेश्वर। मिठाई लाल पुत्र रामलाल। सुनील विश्वकर्मा शामिल रहे ।ज्ञात हो कि महिला महिला शिव प्यारी पत्नी स्वर्गीय महानंद विश्वकर्मा उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम बभनौटी शंकर पुर थाना बौंडी तहसील महसी ।निवासी है उसका मायका बिहार में स्थित है ।उसके पति की मौत पूर्व में हो चुकी है। उसकी एक बेटी भी है। महिला परिवार जनों से मिलकर बहुत ही प्रसन्न नजर आ रही थी। महिला को परिजनों से मिलाने वाले समाजसेवी संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि एक हफ्ते की कड़ी मेहनत के बाद सोशल मीडिया के माध्यम से महिला को परिवार जनों से मिलाने में सफलता मिली है मन बहुत प्रसन्न है। हमारे इस अभियान में सहयोग करने वालों में हमारे साथी अशोक कुमार यादव निवासी भगवानपुर कुर्मियाना, सुरेश राठौर सहित कई अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि यह प्रेरणा हमें पिछले दिनों एक एसएसबी जवान ने असम से भटक कर नानपारा आए बुजुर्ग को परिवार से मिलाने में जो भूमिका निभाई थी उसी से मिली।

## उत्तराखंड में बादल फटने से अमरोहा में असर

- गंगा का जलस्तर बढ़ा, गंगा किनारे रखी पुरोहितों की झोपड़ियां डूबीं

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा के गजरौला में तिगरी गंगा का जलस्तर बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने से गंगा किनारे रखी पुरोहितों की झोपड़िया डूब गई है। बताया जा रहा है कि उत्तराखंड में बादल फटने से यह स्थिति पैदा हुई है। हरिद्वार से पानी गंगा नदी में छोड़ा जा रहा है। जिसकी वजह से गंगा का जलस्तर अचानक बढ़ गया है। अचानक बढ़े जलस्तर से गंगा किनारे बसे लोगों की धड़कने भी बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि आज भी गंगा के जलस्तर में इजाफा हो सकता है। उधर बाढ़ खंड के अधिकारियों ने गंगा किनारे रहने वाले लोगों को अलर्ट रहने को कहा है।

दरअसल शनिवार शाम को हरिद्वार बैराज से गंगा नदी में 38 हजार से अधिक क्यूसेक पानी गंगा नदी में डिस्चार्ज किया गया। जिसकी वजह से रविवार सुबह अचानक गंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने से तिगरी गंगा धाम में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। गंगा किनारे रखी पुरोहितों की झोपड़िया डूब गई। इतना ही नहीं गंगा धाम पर फूल, प्रसाद बेचने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ खंड के जेई सुभाष चंद्र गहलोत ने बताया कि उत्तराखंड में बादल फट जाने से गंगा नदी का जलस्तर बढ़ा है।

## अमरोहा में खिड़की से पैर लटकाकर दौड़ाई एंबुलेंस

गजरौला में हाईवे से निकल रहे राहगीरों ने बनाया वीडियो, सोते हुए पैर लटकाकर गया था कंडक्टर

अमन लेखनी समाचार




अमरोहा, अमरोहा में नेशनल हाइवे 9 पर एक सरकारी 108 एंबुलेंस को खिड़की से पैर लटकाकर दौड़ाने का मामला सामने आया है। बाकायदा एक वीडियो सामने आया है। जिसमें साफ साफ देखा जा सकता है कि परिचालक सीट की खिड़की से पैर बाहर की तरफ लटकाकर सरकारी एंबुलेंस को हाईवे पर दौड़ाये जा रहा है। वायरल वीडियो गजरौला में जुबिलेंट फैक्ट्री के सामने हाईवे का बताया जा रहा है। दरअसल, बीती शनिवार की देर शाम हाईवे पर दौड़ती एक सरकारी एंबुलेंस में खिड़की से पैर लटकाकर सफर करने वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वायरल वीडियो गजरौला में जुबिलेंट फैक्ट्री के सामने का बताया गया। वायरल वीडियो में एक सरकारी 108 एम्बुलेंस में परिचालक की सीट पर बैठा एक शख्स खिड़की से पैर बाहर लटकाकर सफर करता नजर आया। इस घटना का पीछे से आए एक वाहन सवार ने वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

## एंबुलेंस चालक का सोते हुए वीडियो

- अयोध्या में बीमार बुजुर्ग 45 मिनट तक तड़पता रहा, नशे में ड्राइवर उठा ही नहीं

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, एंबुलेंस चालक का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वह नशे के धुत्त नजर आ रहा है। जिले के सीएचसी मवई में बीमार वृद्ध करीब 45 मिनट तक तड़पता रहा, लेकिन 108 एम्बुलेंस चालक सोता रहा और इलाज के लिए नहीं ले गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. पीके गुप्त ने पीड़ित मरीज को दूसरे एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज भिजवाकर सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय जैन को दी। संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। मवई ब्लॉक के पटरंगा गांव निवासी बनवारी लाल (60) के शुक्रवार को देर शाम अचानक सीने में तेज दर्द उठा। परिजनों ने कंट्रोल रूम को फोन कर 108-एम्बुलेंस की मदद मांगी। परिजन एम्बुलेंस की मदद से बीमार वृद्ध को लेकर सीएचसी मवई पहुंचे। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज के लिए रेफर किया गया। मरीज को सीएचसी पर मौजूद 108- एम्बुलेंस पर लिटा दिया गया। एंबुलेंस का चालक गोपी शराब के नशे में धुत था और मरीज को एम्बुलेंस पर लिटाकर खुद सो गया। परिजनों ने कई बार एम्बुलेंस के चालक को गाड़ी ले चलने के लिए आवाज दी, लेकिन चालक एंबुलेंस चलाने की हालत में नहीं था। परिजन सूचना दोबारा कंट्रोल रूम व सीएचसी अधीक्षक को दी। अधीक्षक के निर्देश के बाद मरीज को दूसरे चालक की मदद से मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

# संक्षेप

## डीएम और प्रेक्षक ने किया स्ट्रांग-रूम का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, सोनभद्र में चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त किए गए प्रेक्षक जी जया लक्ष्मी (आईएएस) व जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने लोकसभा चुनाव एवं विधान सभा उप निर्वाचन, दुद्धी को निष्पक्ष, पारदर्शी व शातिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम, पोलिंग पार्टी रवाना स्थल राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने पॉलिटेक्निक परिसर में पोलिंग पार्टी रवानगी के लिए लगाये जाने वाले टेबल, बेंच, बैरिकेडिंग व्यवस्था, मतगणना कार्मिकों के बैठने की सुविधा को देखी और समस्त तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित को दिए। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक ने पोलिंग पार्टी रवाना स्थल की तैयारियों हेतु बनाये गये रूट चार्ज व नक्शे का मिलान करते हुए कहा कि निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही पोलिंग पार्टी रवाना किया जाए। इस दौरान उन्होंने ने स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखने व मतगणना के दौरान व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में जानकारी लिया। कालेज के विभिन्न कक्षों का स्थलीय निरीक्षण कर मतगणना व स्ट्रांग रूम हेतु की गयी तैयारियों को भी देखा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जगरूप पटेल, लाईजनिंग साधना मिश्रा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सोनभद्र में एक ही स्थान पर 10 वाहन भिड़े

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, सोनभद्र के पिपरी थाना क्षेत्र में कुवारी गांव के समीप एक केमिकल फैक्ट्री के सामने शनिवार की शाम हुए एक हादसे के बाद वहां देर रात तक हादसे होते रहे। जिसमें कुल पांच लोग घायल हो गए। घायलों को हिन्डाल्को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज चल रहा है। पिपरी थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कुवारी गांव में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री के सामने वाराणसी-शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर एक ट्रक सड़क के किनारे रेणुकूट की ओर जाने के लिए खड़ी थी। इस दौरान पीछे से आ रही एक पिकअप ने उसमें टक्कर मारी। इस हादसे के बाद देर रात तक कुल 10 वाहन इसके कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गए। शाम 6 बजे तक कुल 4 वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुए थे। अंधेरा होने के बाद रात 9 से 10 बजे तक वहां आधा दर्जन वाहन और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को धक्का मारते हुए दुर्घटना ग्रस्त हो गए। जिससे वहां कुल 10 वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस हादसे के बाद कुछ देर तक जाम की स्थिति भी बनी रही। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे में फंसे वाहनों को हटवाकर घायलों को हिंडाल्को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे में ये 5 लोग घायल हो गए है।

# गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान महराजजी से मिल चहक उठे मासूम

## बच्चों से की खूब बातें,आगे बढ़ने का दिया आशीर्वाद, चॉकलेट से मुंह भी मीठा कराया

**मंदिर की गोशाला में मुख्यमंत्री ने की गोसेवा, गोवंश को खिलाई गुड़ रोटी**

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर प्रवास पर हों और बच्चों से मिलकर उन पर प्यार न लुटाएं, ऐसा हो नही सकता। मंदिर प्रवास के दौरान दर्शन-पूजन, गोसेवा के साथ ही बच्चों से मिलना, उनकी पढ़ाई के बारे में पूछना और खूब पढ़कर आगे बढ़ने का आशीर्वाद देना मुख्यमंत्री की दिनचर्या का हिस्सा है। और हां, बच्चों से हर मुलाकात तथा हर बच्चे को सीएम की तरफ से चॉकलेट गिफ्ट मिलना तो तय ही है। इसीलिए बच्चे प्यार से उनको टॉफी बाबा भी कहते हैं। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण की संसदीय सीटों पर प्रचार के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रात्रि प्रवास प्रायः गोरखनाथ मंदिर में ही हो रहा है। चुनाव प्रचार के बाद सीएम योगी सोमवार रात गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। मंगलवार सुबह उनकी दिनचर्या परंपरागत रही। शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन करने के बाद उन्होंने अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर जाकर शीश नवाया और उनका आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात हमेशा की तरह वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। भ्रमण के दौरान ही उनकी नजर उन बच्चों पर पड़ गई जो अपने परिवार के साथ बाबा गोरखनाथ का दर्शन करने आए थे। कुछ दूरी पर खड़े होकर कौतूहल से मुख्यमंत्री को देख रहे इन बच्चों की खुशी का उस वक्त ठिकाना नहीं रहा जब सीएम योगी ने उन्हें आवाज देकर अपने पास बुला लिया। फिर क्या था, मुख्यमंत्री ने उनके नाम पूछे कहां और किस क्लास में पढ़ते हो इसकी जानकारी ली। कुछ ही देर में सीएम योगी बच्चों के बीच हंसी ठिठोली करते हुए बिल्कुल उनके दोस्त जैसे नजर आने लगे। कुछ देर की शाब्दिक गुदगुदाहट के बाद मुख्यमंत्री ने अभिभावक के रूप के सभी बच्चों के माथे पर अपना हाथ फेरा। उन्हें खूब पढ़ने और खूब आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। विदा करते वक्त सभी बच्चों को चॉकलेट देकर उनका दिल भी जीत लिया। गोरखनाथ मंदिर परिसर के भ्रमण के क्रम में मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला में भी पहुंचे। यहां भोला, गौरी, नंदी, श्यामा आदि नामों की पुकार से गोवंश को अपने पास बुलाया। उन्हें रोटी-गुड खिलाकर उनकी सेवा की। मंदिर की गोशाला में सीएम योगी करीब आधे घंटे तक रहे।

# आईजीएल द्वारा वॉकथान रैली कार्यक्रम का आयोजन

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के इंडिया ग्लाइकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड के मार्गदर्शन में और प्लांट हेड शैलेन्द्र कुमार पांडेय के नेतृत्व में आईजीएल के कर्मयोगियों द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता वॉकथान रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज सहजनवां तहसील प्रशासन से तहसीलदार राकेश कन्नौजिया एवं नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह एवं आईजीएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी में वॉकथान रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक कर मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। तहसीलदार राकेश कन्नौजिया एवं आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल वॉकथान रैली को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान लोगों को जगह जगह रोक कर मतदान के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर आईजीएल के सहायक महाप्रन्धक मानव संसाधन एवं प्रशासन अजय गोस्वामी, इंजीनियरिंग हेड शैलेश चन्द, प्रोजेक्ट हेड आशीष गुप्ता प्रबन्धक बॉटलिंग आनन्द सिंह, धीरेन्द्र पाण्डेय, सब्बीरअहमद एवं अन्य सैकड़ों की संख्या में कर्मयोगी उपस्थित रहे एवं शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की।

# विदेश भेजने के नाम 1.24 लाख की जालसाजी, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। बांसगांव थाना क्षेत्र के एक गांव के जालसाज ने विदेश भेजने के नाम पर एक व्यक्ति को विदेश भेजने के नाम पर 1.24 लाख रुपए हड़प कर फरार हो गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सियाराम गुप्ता पुत्र दीनानाथ गुप्ता निवासी पुनक थाना दरौली जिला सिवान बिहार जो विदेश में रहकर मजदूरी करता था। वर्तमान समय में विदेश से घर आ गया। रोजगार की जरूरत थी। यूटूब के माध्यम से एक व्यक्ति के संपर्क में आया तो वह गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ स्थित पेट्रोल के पास अपने कार्यालय पर बुला। उसने दक्षिणी अफ्रीका भेजने के लिए कारपेंटर की नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया।

और 25 हजार रुपए की मांग किया।20 अक्तूबर 2023 को 25 हजार रुपया आनलाइन भुगतान किया। तो जालसाज ने बीजा और टिकट का पीडीएफ मोबाइल पर भेजकर 1 लाख रुपए और देने की मांग किया। 20 मार्च 2024 को 30 हजार और 69 हजार रुपया आनलाइन भुगतान किया। इसके बाद फ्लाइट के लिए दिल्ली भेज दिया। वहा पहुंचने के बाद पीड़ित ने फोन किया की 17 अप्रैल की आदमी बीजा और टिकट लेकर एयरपोर्ट पर पहुंच जाएगा। लेकिन नही आया। 18 अप्रैल को घर वापस आ गया।। और दिया गया रुपया मांगा तो 48 घंटे में रुपया और पासपोर्ट देने का वादा किया। लेकिन कुछ भी नही दिया। पुलिस ने जालसाज अनिल कुमार यादव पुत्र अर्जुन यादव निवासी इस्माइलपुर थाना बांसगांव के खिलाफ रुपया हड़पने का केस दर्ज कर लिया है।

# क्रेन की ठोकर से घायल महिला की इलाज के दौरान मौत, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट कंपनी के पास बाइक से पति के साथ जा रही महिला को क्रेन चालक ने लापरवाही से बाइक में ठोकर मार दिया था। जिसमे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसका जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस क्रेन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से अहिरौली थाना चिलुआताल निवासी रामगति पुत्र स्व भागीरथी रविवार को दिन में 11 बजे अपनी पत्नी असरफा देवी के साथ कालेसर जीरो प्वाइंट से सहजनवा जा रहे थे। ट्रांसपोर्ट कंपनी के पास कबाड़ के दुकान के पास पहुंचा था कि लापरवाही पूर्व क्रेन चालक ने बाइक में ठोकर मार दिया जिसमे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था। जिनकी रविवार को मौत हो गई थी। पति की शिकायत पर पुलिस क्रेन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# भुतपूर्व ग्राम प्रधान का निधन शोक

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत अमटौरा की भूतपूर्व ग्राम प्रधान चंद्रावती देवी (83) पत्नी नरेंद्र बहादुर सिंह की लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया।यह काफी दिनों से बिमार थी इनका गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इनके निधन की सूचना मिलते ही गांव सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।यह काफी सहृदयी व कुशाग्र बुद्धि कि महिला थी गांव सहित क्षेत्रवासी इनके मिलनसार व्यक्तित्व को आज भी याद करते हैं।। अमटौरा गांव के निवर्तमान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्रीराम शर्मा उर्फ मोनू शर्मा सहित क्षेत्र के समरपाल सिंह, भानु प्रताप सिंह, गम्भीर सिंह,सूर्यनाथ सिंह,केसरी सिंह, श्रीराम सिंह इत्यादि ने इनकी मृत्यु पर शोक संवेदना प्रस्तुत की।

# सीएचसी के औचक निरीक्षक पर पहुंचे अधिकारी

**मरीजों एवं तीमारदारों का लिया गया कुशल क्षेम**



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी इशितयाक अहमद एवं उप जिलाधिकारी बिंदकी अर्चना अग्निहोत्री ने संयुक्त रूप से जनपद के अमौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया औचक निरीक्षक और पहुंचे अधिकारियों ने अस्पताल में मौजूद मरीजों तथा उनके तीमारदारों से रूबरू होते हुए कुशल क्षेम पूछा वहीं अस्पताल परिषर की साफ सफाई तथा सुचारू रूप से शुव्यवस्थित व्यवस्था को देखते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार की सराहना की गई अधिकारियों ने भीषण गर्मी के तापमान को देखते हुए अस्पतालों में बढ़ रही मरीजों की संख्या तथा उनके स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया अस्पताल के भंडारण कक्ष का निरीक्षण तथा अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया गया जहां मौके पर मौजूद चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पुष्कर कटियार ने बिंदुवार सभी अभिलेखों की जांच सुचारू रूप से कराई।

# लेनदेन के विवाद में खदान संचालक का भाई हुआ लहुलुहान

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला




फतेहपुर। जनपद के सदर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत लेनदेन के विवाद को लेकर एक खदान संचालक के भाई को दबंगों ने मिलकर लहुलुहान कर दिया मौरंग खदान संचालक अरुण मिश्रा का 35 वर्षीय भाई प्रदीप मिश्रा मारपीट में घायल हुआ जहां आनन फानन मारपीट के पश्चात हमलावर फायरिंग करते हुए भाग खड़े हुए लहुलुहान भाई प्रदीप मिश्रा को तत्काल उपचार हेतु भर्ती किया गया वहीं नजदीकी पुलिस प्रशासन को सूचना दी गई सूचना पाकर पहुंचे पुलिस प्रशासन ने नजदीकी सीसीटीवी कैमरे का वीडियो फुटेज देखा जहां वायरल हो रहे सोशल मीडिया के वीडियो में एक सत्ताधारी दल के नेत्री का बेटा समेत अन्य कहीं दिखाई पड़े थाना कोतवाली पुलिस ने वायरल वीडियो की सिनाक्त के आधार पर 24 वर्षीय अभियुक्त लखन सिंह पुत्र अनिरुद्ध सिंह निवासी शांति नगर 28 वर्षीय विवेक सिंह पुत्र कुलबीर सिंह निवासी उत्तरी गौतम नगर 18 वर्षीय वैभव सिंह पुत्र केदार सिंह निवासी उत्तरी गौतम नगर को नजदीकी वर्मा चौराहे के समीप से धर दबोचा अपराधियों से पूछताछ जारी है

# बच्चों ने किया मतदाताओं को जागरूक

## काल सेंटर बनाकर लोगों को किया फोन, 1 जून को वोट देने की अपील

अमन लेखनी समाचार



बभनी, सोनभद्र के विकास खंड बभनी में वोट परसेंटेज बढ़ाने को सेवाकुंज आश्रम कारीडाड़ ने अनोखी पहल की है। सेवाकुंज आश्रम में कौशल विकास केन्द्र पर एक खास कॉल सेंटर बनाया गया है। कॉल सेंटर से दूसरे राज्यों में रह रहे वोटरों से वोट देने की अपील की जा रही है। साथ साथ ग्रामीणों को भी मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। सेवाकुंज आश्रम कारीडाड़ में स्थित कौशल विकास केन्द्र के 50 छात्र छात्राएं प्रति दिन 1000 ग्रामीणों को फोन कर घर के सभी सदस्यों को 1 जून को मतदान करने की अपील कर रहे हैं। जो परिवार के सदस्य बाहर काम कर रह रहें। उन्हें भी मतदान करने के लिए बोल रही हैं। लोकसभा चुनाव राबट्र्सगंज व विधानसभा उपचुनाव दुद्धी में आखरी चरण की वोटिंग होनी है। सोनभद्र में 1 जून को वोटिंग है। सेवाकुंज आश्रम कारीडाड़ में स्थित कौशल विकास के छात्र छात्राओं ने वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने के लिए एक अनोखी पहल की है। सेवाकुंज आश्रम कारीडाड़ में कॉल सेंटर बनाया गया है। यहां कुछ अलग तरीके से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

कॉलसेंटर में कौशल विकास केन्द्र छात्र छात्राएं लगातार वोटरों को फोन कर बोल रहीं हैं, कि हेलो आप वोट देने आ रहे हैं, आप वोट देने जरूर आइए, यह आपका अधिकार है। यह फोन कॉल वैसे लोगों को भी किया जा रहा है, जो अपने जिले या अपने राज्य से बाहर हैं।

उन्हें फोन कर मतदान के दिन अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करने की अपील की जा रही है। वोटर भी छात्र छात्राओं के इस पहल की सराहना कर कौशल विकास केन्द्र को मतदान करने का आश्वासन दे रहे हैं। मतदान शत प्रतिशत हो इसके लिए पहल निरंतर जारी है।

**टक्कर** — ढाबे पर रुकी थी, तभी डंपर ने टक्कर मारी; बस सीतापुर से पूर्णागिरी जा रही थी

# शाहजहांपुर में बस पर डंपर पलटा, 12 की मौत

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर, शाहजहांपुर में भीषण सड़क हादसे में बस सवार 12 यात्रियों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब बस ढाबे पर खड़ी थी। पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मारी और बस पर पलट गया। हादसे में 10 यात्री घायल भी हैं। बस सवार यूपी के सीतापुर से उत्तराखंड में मां पूर्णागिरी मंदिर जा रहे थे। करीब 80 लोग सवार थे। हादसे के वक्त ज्यादातर यात्री बस के नीचे उतरे हुए थे। कुछ अंदर सो रहे थे। डंपर में गिट्टी लदी थी, टक्कर के बाद बस में गिट्टी भर गई। अंदर लोग फंस गए। हादसा के करीब हुआ। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। यात्रियों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे थे तभी पुलिस भी पहुंची। यात्री अंदर इस कदर फंसे हुए थे कि निकालना मुश्किल हो रहा था। कोई डंपर के नीचे तो कोई बस की सीट में फंसा हुआ था। हादसा देखकर पुलिस ने और फोर्स बुलाई। तुरंत क्रेन और जेसीबी को मंगवाया गया। तब जाकर डंपर और बस को अलग किया गया। करीब 5 घंटे तक चले रेस्क्यू में बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। रात 11 बजे बस ऋषि ढाबे के सामने सड़क किनारे खड़ी थी। कुछ श्रद्धालु नीचे उतरकर खाना खा रहे थे, जबकि कुछ बस में ही थे। तभी डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि करीब 10-15 फीट बस आगे घिसटती हुई चली गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास खड़े लोगों में भगदड़ मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। ढाबे पर मौजूद लोग और गांव के लोगों ने बस से घायलों को निकालने की कोशिश की, लेकिन उन्हें जगह नहीं मिल पा रही थी। हादसे की सूचना पर पुलिस एम्बुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। ओवरलोड डंपर को हटाने के लिए पहले एक क्रेन मंगाई गई।

जब डंपर नहीं हटा तो तुरंत दूसरी क्रेन मंगाई गई। बस में भरी गिट्टी निकाली गई। नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। करीब 5 घंटे तक मौके पर डीएम उमेश प्रताप सिंह और एसपी अशोक कुमार मीणा भी रहे। रेस्क्यू ऑपरेशन चलवाया। बस में सवार सभी लोग सीतापुर के गांव बड़ाजटहा के रहने वाले हैं। कुछ घायलों से परिजनों का फोन नंबर लिया गया। उन्हें भी सूचना दी गई है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सभी लोग शनिवार शाम को बस में सवार होकर गांव से निकले थे। कुछ दिन पहले ही गांव के एक व्यक्ति ने पूर्णागिरी दर्शन का प्लान बनाया। प्रत्यक्षदर्शी विजय ने बताया- बस में 80 लोग थे, लेकिन घटना के वक्त 25-30 लोग ही बैठ थे। मैं बस के बगल में खड़ा था। तभी देखा कि डंपर तेज रफ्तार में आ रहा था। मैं वहां से दूर भागा। इतने में डंपर ने बस में टक्कर मारी और घसीटता ले गया। बहुत भयावह स्थिति थी। लोग इधर-उधर पड़े चीख रहे थे। कई टायर के नीचे दबे थे। समझ में ही नहीं आ रहा था कि क्या करें। पंकज कुमार ने बताया, डंपर को देखकर ऐसा लगा जैसे ट्रेन आ रही है। उसकी स्पीड बहुत तेज थी। डंपर ने सीधे बस को टक्कर मारी। बस के आगे जो लोग खड़े थे और जो पीछे थे, वो तो बचे ही नहीं।

# सभी लुटेरे एक साथ हो गए हैं

- सोनभद्र में अनुप्रिया बोली- मतदाताओं से ज्यादा ताकतवर कोई नहीं, यूपी की सभी सीटें एनडीए जीतेगी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद, सोनभद्र के राबट्र्सगंज पहुंची अनुप्रिया पटेल ने अपना दल एस प्रत्याशी रिंकी कोल को जनता से जिताने की अपील की। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रावर्टसगंज संसदीय सुरक्षित सीट की जनता पूरी तरह इंडी गठबंधन के प्रत्याशी को नकार चुकी है। मोदी के नेतृत्व में पुनः एक बार देश का नेतृत्व सौंपने जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की ताकत से बड़ी कोई ताकत नहीं है। इंडी गठबंधन में देश के लुटेरों की पूरी जमात इकट्ठा हुई है। देश को लूटने वाले पुनः एक बार देश की जनता को गुमराह कर रहे हैं। बिहार, झारखंड, दिल्ली आदि प्रान्त के बड़े नेता जमानत पर हैं, इस दौरान जनसभा में काफी संख्या में क्षेत्र के मतदाता मौजूद रहे तो सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रशासन द्वारा कडे इंतजाम किए गए थे लोकसभा 80 राबट्र्सगंज में एनडीए अपना दल की झोली में यह सीट मिली है। अनुप्रिया पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं को लेकर विशेष आरक्षण की व्यवस्था की गई है जिसमें मेरे द्वारा तो 100% आरक्षण महिलाओं को दिया गया क्योंकि हमारे पास दो ही सीट है और दोनों सीटों पर महिला ही उम्मीदवार हैं। नरेंद्र मोदी की सरकार ने महिलाओं आदिवासियों पिछड़ों गरीबों आदि का विशेष ध्यान रखा है अन्य सरकारों में इन वर्गों का लगातार बस शोषण ही हुआ है। उन्होंने कहा कि आज छठवें चरण का चुनाव हो रहा है और भाजपा के पास इतनी सिट अब तक मिल चुकी है कि वह सरकार बना सके। उन्होंने कहा कि पूरे यूपी में,मैं प्रचार कर रही हूं, पूरे देश में एनडीए गठबंधन की जबरदस्त लहर है

# मतगणना को लेकर डीएम व एसपी ने प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**अमन लेखनी समाचार**



रायबरेली,लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना कार्य को सकुशल निष्पक्ष निर्भीक व शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतगणना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने उम्मीदवारों तथा उनके प्रतिनिधियों को मतगणना को लेकर गणना एजेंट बनाए जाने की पात्रता, प्रति उम्मीदवार गणना एजेंटों की संख्या, काउंटिंग हाल के अंदर के नियम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा बैठक में डीएम व एसपी ने निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों तथा उनके प्रतिनिधियों के सुझावों को भी सुना। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों को बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना 04 जून 2024 को प्रातः 8:00 बजे से राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार में 06 विधानसभावार बनाए गए मतगणना सेंटरों पर करायी जाएगी। सर्वप्रथम ई0टी0पी0बी0एस0 एवं पोस्टल बैलेट से पड़े मतों की गणना की जाएगी तत्पश्चात ईवीएम से पड़े मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी। विधानसभावार मतगणना के पश्चात परिणाम संबंधित एआरओ द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। विधानसभावार ईवीएम से पड़े मतों की गणना हेतु टेबलें स्थापित की गई हैं एआरओ हेतु एक टेबल अतिरिक्त लगाई जाएगी। प्रत्येक टेबल पर मतगणना हेतु एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक मतगणना सहायक प्रथम, एक मतगणना सहायक द्वितीय तथा एक माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किया जा रहे हैं। निर्वाचन अभ्यर्थियों के एजेंट के पास निर्वाचन कार्यालय से निर्गत किए जाएंगे पास हेतु प्रारूप पर आवेदन दो प्रतियों में करते हुए साथ में दो फोटोग्राफ एवं एक फोटो अवश्य उपलब्ध करा दें जिससे समय से एजेंटो के पास जारी किए जा सके। मतगणना स्थल पर उम्मीदवार/एजेंट निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व अवश्य प्रवेश कर लें। मतगणना की विजयी घोषणा के उपरांत विजयी प्रत्याशी द्वारा कोई विजय जुलूस नहीं निकल जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मतगणना स्थल से 100 मी के बाहर वाहनों की पार्किंग की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मनरेगा मे काम कर रहे मजदूर की बिगड़ी हालत, मौत

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र के ग्राम टोला माफ में मनरेगा के तहत काम कर रहे मजदूर की सोमवार की दोपहर गर्मी के चलते अचानक तबीयत खराब हो गई। उसकी हालत बिगड़ने के बाद घर पहुंचने पर उसकी मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। थाना क्षेत्र सिसोलर के ग्राम टोला माफ निवासी रामचरण 58 वर्ष पुत्र विश्राम सोमवार को सुबह मनरेगा के तहत खेत में मजदूरों के साथ काम करने गया हुआ था। दोपहर छुट्टी होने पर अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने पर वह खेत में ही लेट गया तथा बाद में हालत बिगड़ते देख मजदूरों की मदद से उसे उसके घर पहुंचा दिया गया। जहां देर शाम उसकी मौत हो गई। एस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। रामचरण की मौत का कारण तेज गर्मी व धूप माना जा रहा है।

## जान माल की धमकी देने की थाने में शिकायत

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर।नगर पंचायत अध्यक्ष कुरारा के मोबाइल पर मंगलवार सुबह जान माल की धमकी देने की काल आने पर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। नगर पंचायत चेयरमैन आशारानी कबीर ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया सुबह दस बजकर दो मिनट पर व्हाट्स एप के माध्यम से मेरे मोबाइल पर एक दरोगा की फोटो लगे नंबर जिसका शुरू नंबर +92था जो कि पाकिस्तान का कंट्री कोड हैं।से कॉल आई कालर द्वारा मेरे परिवार व बच्चो के बारे में जानकारी मांगी गई जानकारी न देने पर कुरारा आकर घर में जान से मारने की धमकी दी गई है। जिससे चेयरमैन का परिवार भ्यभीत है। चेयर मैन ने बताया कि उसके खिलाफ कोई साजिश कर रहा है।मुझे व मेरे बच्चो को जान माल का खतरा है।थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि इस नंबर को सर्विलांस में लगाया गया है। जांच तेजी से जारी है। जल्द ही अपराधी को पकड़ने में सफलता मिलेगी। प्रयास लगा तार जारी है।

## गाली गलौज व मारपीट करने तथा गाड़ी छीन लेने की तहरीर

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर।थाना क्षेत्र के पतारा ग्राम पंचायत के मजरा क्योट रा गांव निवासी ग्रामीण ने गाली गलौज करने व मारपीट करने तथा गाड़ी छीन लेने की तहरीर थाने में देकर कार्यवाही करने की मांग थाना पुलिस से की है। क्षेत्र के क्योटरा गांव निवासी बद्री प्रसाद पुत्र महेश्वरी दीन ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव में सब्जी की बारी लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता हूं। तेईस मई को सुबह अपने बारी की सब्जी बेचने के लिए पतारा गांव गया था। तभी गांव निवासी पप्पू चौहान रास्ते में स्टैंड के पास मिला तथा गाली गलौज कर सब्जी बिक्री के पैसे देने को कहा। न देने पर जान माल का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने तहरीर में बताया कि मेरी गाड़ी जबरिया बुक कर जबल पुर मध्य प्रदेश ले गया। वहां पप्पू चौहान का साला राघवेंद्र सिंह निवासी बांधुर खुर्द थाना विवार रहता है। वहां राघवेंद्र व उसके साथियों ने मारपीट कर दिया। जिससे मेरी याददाश्त चली गई थी। तब गांव में आकर इलाज कराया है। अब पप्पू चौहान धमकी दे रहे हैं कि कही शिकायत की तो जान से मार देंगे।

# सेवानिवृत्त हो रहे मण्डलायुक्त को जिले में दी गई भावभीनी विदाई

**अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा**

बहराइच। आसन्न 31 मई 2024 को अधिवर्षता की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र को कलेक्ट्रेट सभागार बहराइच में आयोजित समारोह में जिले के अधिकारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह के लिए धर्म पत्नी डॉ. सुधा मिश्र, प्रोफेसर के.जी.एम.जी.पी.जी. कालेज लखनऊ के साथ पधारे आयुक्त श्री मिश्र का कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचने पर डीएम मोनिका रानी, एसपी बृन्दा शुक्ला, सीडीओ रम्या आर, सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित अन्य अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी, एसपी बृन्दा शुक्ला, सीडीओ रम्या आर, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, एसडीएम कैसरगंज पंकज दीक्षित, बीएसए अव्यक्त राम तिवारी सहित अन्य वक्ताओं ने आयुक्त श्री मिश्र के कृतत्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। डीएम मोनिका रानी ने कहा कि मण्डलायुक्त की मानवीय संवेदना, सामाजिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक सरोकार एवं कुशल प्रशासनिक क्षमता के कारण श्री मिश्र का कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा। मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र व उनकी धर्म पत्नी डॉ. सुधा मिश्र ने विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम व एसपी सहित सभी अधिकारियों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कवि संतोष कुमार सिंह ने किया।

# ईसीआरकेयू द्वारा लोको पायलट को सम्मानित किया गया

**मालगाड़ी के नीचे फंसी गाय को सुरक्षित निकाला कर समय पर ट्रेन को अगले स्टेशन तक भी पहुंचाया**

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। यूं तो लोको पायलटो के सूझबूझ व बहादुरी के बहुत सारे किस्से कहानियां सुनने को मिलती रहतीं हैं। बड़ी बड़ी दुर्घटनाओं को अपनी सूझबूझ से लोको पायलटों ने रोका है और हजारों यात्रियों के जानमाल की सुरक्षा भी की है। मानवीय संवेदनाओं से पूर्ण ऐसा ही एक दृश्य सोमवार को खैराही चुनार सेक्शन में देखने को मिला। आप लोगों को बताते चलें कि कल दिनांक 27- 5 -24 को खैराही स्टेशन से चुनार के लिए कोयले से भरा हुआ एक मालगाड़ी लेकर चोपन में पदस्थापित लोको पायलट श्री डी के चौधरी व उनके सहायक श्री आदित्य राज चले। रास्ते में चालक को ङट 201/ 15 पर एक गाय ट्रैक के बीचो-बीच दिखाई दिया जिसे हटाने के लिए उन्होंने लगातार हॉर्न बजाया। इसके बाद भी गाय ट्रैक से बाहर नहीं हुई। ऐसे में चालक को लगा कि अब गाय ट्रैक से बाहर नहीं निकल पाएगी। उन्होंने अपनी सूझबूझ से गाय को बचाने के लिए चढ़ाई वाले मार्ग होने के बावजूद भी लोडेड गाड़ी को खड़ा कर दिया।इधर गाय ट्रैक के बीचो-बीच ही बैठी रह गई और इंजन के बीच जाकर फंस गई। गाड़ी रूकते ही लोको पायलट श्री चौधरी ने बड़े ही बहादुरी के साथ इंजन के नीचे घुसकर फंसी हुई हुई गाय को खींचकर कर बाहर किया।भयभीत गाय अपने पैरों पर खड़ी होकर सुरक्षित आगे की ओर जंगल में चली गई।श्री चौधरी ने एक जीव की जान ही नहीं बचाई बल्कि मात्र 11 मिनट में मेल लाइन को क्लियर भी किया। इससे रेलवे का डिटेंशन बचाया जा सका।इनका कारनामा अति सराहनीय व प्रशंसनीय है। ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन शाखा चोपन के सचिव उमेश कुमार सिंह के द्वारा यह मांग रखी गई है कि ऐसे बहादुर कर्मचारी श्री चौधरी को रेल प्रशासन द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करना चाहिए।

# सरना स्थल को तोड़ने की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**सरना स्थल को तोड़ने का आदेश देने वाले एसडीओ को अविलंब बर्खास्त करे चम्पई सरकार अन्यथा उग्र आंदोलन होगा**

**अमन लेखनी समाचार**



रांची। संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव झारखंड छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट में देवथान पड़हा जतरा स्थल खोखमा टोली एयरपोर्ट स्थित पर सरना स्थल के जो चबूतरा तोड़े जाने पर आज अपनी प्रतिक्रिया में उक्त बातें कहीं । इन्होंने आगे कहा कि आज बिरसा एयरपोर्ट स्थित सरना स्थल तोड़ने के विरोध में आक्रोशित आदिवासी मूलवासी समाज के लोगों ने एयरपोर्ट रोड को घंटो जाम कर दिया था जो अभी मात्र झांकी है और अभी फिल्म बाकी है।

श्री नायक ने आगे कहा कि स्टेट हैंगर से लगे सरना समाज का चबूतरा को रांची एसडीओ के आदेश वो भी बिना नोटिस दिए कैसे बुलडोजर चला कर तोड़ दिया गया जो घोर निंदा का विषय है इसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । अगर चंपई सोरेन जी अगर रांची एसडीओ को इस कृत के लिए अगर उन्हें बर्खास्त नहीं किया जाता है और इस सरना स्थल को सुंदरीकरण कर भव्य निर्माण नही किया जाता है तो इसका अंजाम अच्छा नही होगा ।

श्री नायक ने आगे कहा कि यह दुखः का विषय है कि बिन आधिकारिक सूचना दिए बिना किसी भी धार्मिक स्थल को तोड़ना अच्छी बात नहीं है तोड़ने से पहले गांव वालों को सूचना दी जानी चाहिए थी मगर इस एसडीओ ने बिना सूचना दिए ही धार्मिक स्थल को तोड़ने का काम किया जो ठीक कार्य नही इसकी जितना निंदा की जाए कम है। इन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी और मूलवासी लोगों के द्वारा दिए गए जमीन पर ही आज बिरसा मुंडा एयरपोर्ट खड़ा है ऐसे में इन वर्गों के धार्मिक स्थल को ठेस पहुंचाना उनके भावनाओं के साथ उनके धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ है जो बर्दाश्त के लायक नहीं है जिले में वैसा ही पदाधिकारी को पदस्थापन किया जाना चाहिए जो झारखंडी संस्कृति को अच्छी तरह समझता हो बुझता, रिती रिवाज जानता हो वैसे लोगों को ही पदस्थापन की जानी चाहिए ताकि सभी झारखंडी समाज के सांस्कृतिक एवं धार्मिक भावनाओं को समझे ताकि भविष्य में किसी भी समाज के धार्मिक भावना को ठेस होने से बचाया जा सके ।

# वरिष्ठ जनों के लिए आयोजित हुआ चिकित्सा सेवा शिविर



**अमन लेखनी समाचार**

रायबरेली, मा० जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में वृद्धजनों की सेहत जाँचने व मुफ्त इलाज दिये जाने हेतु निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त चिकित्सा सेवा शिविर में डाक्टरों के द्वारा बीमार वृद्धजनों की सेहत की जाँच कर चिकित्सीय सलाह दी गयी। इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि आपको अपनी सेहत के प्रति सचेत रहना है। बीमारी के शुरूआती चरणों में स्वास्थ्य जांच और परीक्षण बीमारी को तेजी से ठीक करने और किसी भी नुकसान का कारण बनने से पहले जीवन बचाने में मदद कर सकते हैं। सचिव द्वारा बताया गया कि कोई व्यक्ति तभी लंबे समय तक और स्वस्थ रह सकता है जब उसे सही तरह की स्वास्थ्य जांच, स्क्रीनिंग और उपचार मिले। इस चिकित्सा सेवा शिविर में डॉ नीलम सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ गीता सिंह दंत चिकित्सक, डॉ डीपी सरोज ऑर्थोपेडिक सर्जन, डॉ अशोक वर्मा फिजिशियन, सरफराज लैब टेक्नीशियन के अतिरिक्त भण्डारी अनुज श्रीवास्तव, स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव व खुशबू भारती उपस्थित रही।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्दलीय या राजनीतिक दल के प्रत्याशीयों/प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**अमन लेखनी समाचार**



बलिया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, पारदर्शी, निष्पक्ष और सकुशल ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी रवींद्र कुमार ने चुनाव लड़ रहे निर्दलीय या राजनीतिक दल के प्रत्याशीयों/ प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने अब तक से लेकर मतदान और मतगणना सहित अन्य बिंदुओं के बारे में विस्तृत तरीके से सभी को अवगत कराया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने विधानसभावार पोलिंग पार्टियों की रवानगी और रिसीविंग स्थलों, दिव्यांग और 85 प्लस मतदाताओं, पोस्टल बैलेट और आवश्यक सेवा वाले मतदाताओं की संख्या सहित अन्य बिंदुओं के बारे में जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईवीएम मशीन 31 म ?ई को सुबह 3:00 बजे से स्ट्रांग रूम से बाहर निकाली जाएंगी,जिसमें आप या आप लोगों के प्रतिनिधियों का वहां होना आवश्यक है। दिन भर मशीनों के वितरण का कार्य किया जाएगा। रिजर्व मशीन भी स्थाई रूप से स्ट्रांग रूम में रखी रहती हैं। माकपोल के दौरान खराब मशीनों को रिजर्व मशीनों से बदला जाएगा। आप लोगों के द्वारा संचालित मतदाता पर्ची वितरण काउंटर मतदान केंद्रों से 200 मीटर की दूरी पर होगा। मतदाता पर्ची में चुनाव चिन्ह और नाम नहीं होना चाहिए। कोई भी बूथ के अंदर मोबाइल लेकर नहीं जाएगा। मतदान के दिन प्रत्याशियों को जो भी वाहन अनुमन्य होंगे, उसके लिए आपको पहले से परमिशन लेनी होगी। स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को जमा करते समय आप लोगों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। आप लोगों के द्वारा मशीनों की निगरानी के लिए पहले से परमिशन लेनी होगी उसके लिए शीघ्र आवेदन कर दें। मतदान के अगले दिन ऑब्जर्वर की उपस्थिति में स्क्रुटनी की जाएगी, जहां आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के दायरे में 14 टेबल पर मतगणना सम्पन्न होगी। मतगणना के दिन सभी प्रत्याशी /अभिकर्ता पूर्वाह्न 6:30 बजे मंडी में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने उपस्थित सभी से मतगणना के बाद ईवीएम एवं संबंधित अभिलेखों को वेयरहाउस में जमा करते समय उपस्थित रहने का अनुरोध किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी को भरोसा दिलाया कि आज से मतगणना तक की सारी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी होगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने कहा कि कोई भी संदिग्ध मामला/समस्या संज्ञान में आने पर पुलिस प्रशासन या संबंधित अधिकारी या भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक को अवगत कराएं।कहा कि अव्यवस्था, अराजकता और मतदान को प्रभावित करने वालों पर तगड़ी कारवाई सुनिश्चित की जाएगी।इस बैठक में सीडीओ ओजस्वी राज, एडीएम डीपी सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# नौतपा के चलते जन जीवन हुआ अस्त- व्यस्त

**अमन लेखनी समाचार शिवम सिंह**

**कुरारा, हमीरपुर।नौ तपा अगर न तपे तो क्या होता है।**

**दो मूसा, दो का तरा,दो तीडी,दो ताय।**

**दो की बा दी जल हरे,दो विश्वर,दो वाय।**

**अमन लेखनी समाचार**

अर्थ नौ तपा के पहले दो दिन लू न चली चूहे बहुत हो जायेंगे।अगले दो दिन लू न चली तो फसल को नुकसान करने वाले कीट पतंगे बहुत हो जायेंगे।तीसरे दो दिन से लू नही चली तो टिड्डियो के अंडे नष्ट नहीं होंगे।चौथे दो लू न चलने से बुखार लाने वाले जीवाणु नहीं मरेंगे।इसके बाद दो दिन लू नही चली विश्ववर यानी सांप बिच्छू नियंत्रण से बाहर हो जायेंगे। आखिरी दो दिन लू नही चली तो आंधिया अधिक चलेंगी।फसलेचौपट कर देंगी। इसके अतिरिक्त पुराने किसान बुजुर्ग लोग बताते हैं कि नौ तपा में भरपूर गर्मी न पड़े तो मानसून में अच्छी बरसात भी नहीं होती है। इन दिनों में वर्षा ,ओला वृष्टि,या मामूली छींटे पड़ जाते हैं तो आगामी मानसून कमजोर हो सकता है।इन दिनों में शरीर तेजी से डिहाइड्रेट होता है।जिसके कारण डायरिया,पेंचिस,उल्टियां होने की संभावना बढ़ जाती है। तेज गर्मी से निजात पाने के लिए खूब पानी पिएं। लू से भयभीत न हो ।अपना बचाव रखे।

## लू की चपेट मे आकर चरवाहे की मौत

अमन लेखनी समाचार

कुरारा, हमीरपुर।थाना क्षेत्र के पतारा गांव निवासी चरवाहा की बीती शाम खेत में बकरिया चराते समय लू की चपेट मे आकर मौके पर मौत हो गई। राहगीर ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। तब उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो वह मृत अवस्था में मिला। पुलिस को सूचना मिलने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के पतारा गांव निवासी जयकरण 65 वर्ष पुत्र सिद्धा सोमवार को अपनी बकरियां लेकर खेत की तरफ चराने ले गया था। देर शाम वह खेत में लू की चपेट में आकर बेहोश होकर गिर गया। तथा मौके पर उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई विजय नारायण ने बताया कि गांव के ही रिक्शा चालक श्रीराम पुत्र धनीराम ने देखा कि एक व्यक्ति अचेत अवस्था में खेत के चक रोड के किनारे पड़ा हुआ है। जब उसने नजदीक जाकर देखा तो हमको सूचना दी। जब हम लोग मौके पर पहुंचे तो वह मृत अवस्था में मिला उसके मुंह में गुटकी थी।तथा पास में पलटी पड़ी हुई थी।ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी व बढ़ते तापमान व लू लगने से मौत हुई है। पुलिस ने परिजनो की सूचना पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही थाना प्रभारी योगेश तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया लू लगने से मौत होना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मामला स्पष्ट हो जाएगा।

# गंगा एक्सप्रेस वे निर्माण कार्य के ठेकेदारों की मनमानी से गांवों में मचा आंतक

**अमन लेखनी समाचार**



रायबरेली।अवैध मिट्टी खनन व डंफरो के चलने से रास्ते हुए बंद से बद्तर 15 फुट गहरा खोद डाला खेतों को ऊंचाहार-रायबरेली। मामला सवैया हसन गांव का है। जहां एक्सप्रेस वे निर्माण कार्य में लगी पोकलैंड मशीनों ने दस से पंद्रह फुट गहरी खुदाई कर खेतों को तालाब बना डाला।जिससे आने वाले बारिश के मौसम में इन बड़े-बड़े गड्ढों में छोटे बच्चों व जानवरों के साथ कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। एक्सप्रेस वे की मिट्टी ढो रहे डंफरो की आवाजाही से गांवों के रास्तों को बद से बद्तर बना दिया गया है। जानकारी के अनुसार तालाबों के नाम पर बंजर भूमि भी खोदकर बड़ा फजीर्वाड़ा किया गया है।मामले में राजस्व विभाग के एक कर्मचारी की भी संलिप्ता बताई जा रही हैं। गंगा एक्सप्रेस वे के ठेकेदारों ने तालाबो को खोदने के लिए राजस्व विभाग से मजबूत सिस्टम बनाया है जिससे तीन फिट गहरी खुदाई का परमीशन लेकर पंद्रह फुट गहरी खुदाई की जा रही है। मनमानी का आलम यह है कि प्रशासन की नाक के नीचे इतना बड़ा खेल किया जा रहा है। बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।हद तो तब हो गई जब बगल में किसानों की खेत को भी नुकसान किया जा रहा है अब देखने वाली बात ये होगी कि खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन क्या कारवाई करता है।की सिर्फ आश्वासन ही दिया जाएगा।

# केंद्र व राज्य के संस्थानों के वाटर कूलर खराब

**यात्री एवं फरियादी परेशान**

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। पारा 47 डिग्री पार होने पर लोग केंद्र एवं राज्य सरकारों के संस्थानों में गर्म पानी से हलक तर करने को मजबूर है। तमाम आदेशों के बाद केंद्र एवं राज्य सरकार के संस्थान ठंडा पानी आम जनमानस को मुहैया कराने में असफल है। कस्बे के रेलवे स्टेशन व ब्लॉक कार्यालय में ठंडा पानी मुहैया कराने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार के बजट से वाटर कूलर लगे हैं। लेकिन दोनों जगह के वाटर कूलर एक पखवारे से खराब होने के कारण यात्रियों एवं फरियादियों को ठंडा पानी नहीं नसीब हो रहा है। कस्बे के रेलवे स्टेशन में गला तर करने के लिए एक वाटर कूलर प्लेटफार्म संख्या एक में लगा हुआ है। दैनिक यात्री बबलू वर्मा, रामप्रकाश, धीरू यादव, राजकुमार, विपिन सिंह आदि ने बताया कि यह एक सप्ताह से खराब पड़ा है। इससे गर्म पानी निकलता है। उन्होंने बताया कि प्लेटफार्म संख्या एक में लगा हैंडपंप भी खराब है। इसी तरह ब्लॉक कार्यालय में लगा वाटर कूलर एक पखवारे से खराब पड़ा है। मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय आए फरियादी संतोष कुमार, अजीत सिंह, अनिल कुमार, रामेश्वर, रंजीत, राधेश्याम आदि ने बताया कि वाटर कूलर के साथ हैंडपंप खराब होने से ठंडा पानी नहीं मिल रहा है। साथ ही खंड विकास अधिकारी के न होने से समस्या का समाधान भी नहीं हुआ है।

# मकान बंटवारे के विवाद में देवर ने ताला बंद कर परिवार को किया कैद

**पीआरवी टीम की पहल पर खुला ताला**

**देवर ने हथौड़ी मारकर भाभी का फोड़ा सिर**

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे के मैथिलीशरण गुप्त मार्ग में सुबह मकान के विवाद में देवर ने भाभी के मकान में ताला लगाकर पूरे परिवार को कैद कर दिया। सूचना पाकर पहुंची पीआरवी टीम ने जैसे तैसे समझा बुझाकर ताला खुलवाया। ताला खोलने के बाद देवर ने हथौड़ी से भाभी का सिर फोड़ दिया। पुलिस ने भाभी की तहरीर पर देवर व एक अज्ञात के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के मैथिलीशरण गुप्त मार्ग की निवासी आरती तिवारी का देवर अतुल तिवारी से मकान के बंटवारे का विवाद अरसे से चल रहा है। मंगलवार को सुबह अतुल तिवारी अपने एक अज्ञात साथी के साथ आया और मुख्य दरवाजे में बाहर से ताला लगाकर पूरे परिवार को घर के अंदर कैद कर दिया। इसकी सूचना आरती तिवारी ने पीआरवी टीम को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पीआरवी ने जैसे तैसे देवर को समझा बुझाकर मकान का ताला खुलवाकर सभी को आजाद कराया। ताला खोलने के बाद देवर भाभी के मध्य कहासुनी शुरू होने लगी। इसी बीच देवर ने हथौड़ी मारकर भाभी का सिर फोड़ दिया डाला। पुलिस ने आरती के तहरीर पर देवर एवं उसके अज्ञात साथी पर मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। यह विवाद बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

## फिल्म इवेंट

### बॉलीवुड

## डेब्यू फिल्म से बनी स्टार, 1 गलती से करियर बर्बाद, अब डांस सिखाकर कर रहीं गुजारा



**मुंबई।** साल 1991 में सलमान खान की सुपरहिट फिल्म सनम बेवफा में नजर आ चुकीं वो खूबसूरत एक्ट्रेस नवोदिता शर्मा ने अपना स्क्रीन नेम को ही अपनी रियल नेम बना लिया था। पहली ही फिल्म से उन्हें ऐसी सफलता मिली जो सबके नसीब में नहीं होती लेकिन इस फिल्म के बाद दोबारा वह इस तरह कामयाबी नहीं पा सकीं। फिलहाल वे अमेरिका के ऑरलैंडो में डांस सिखाकर गुजारा कर रही हैं। हम बात कर रहे हैं, दिल्ली की रहने वाली नवोदिता शर्मा जिन्होंने सलमान खान की फिल्म से डेब्यू किया था। 33 साल पहले अपना नाम चांदनी रख लिया। पढ़ाई के दौरान उन्हें एक ऐड के जरिए मालूम हुआ कि डायरेक्टर सावन कुमार जब अपनी नई फिल्म के लिए हीरोइन ढूंढ रहे हैं, यहीं से इनकी किस्मत चमकी थी। चांदनी उर्फ नवोदिता खूबसूरत एक्ट्रेस हैं जिन्हें एक विज्ञापन के जरिए इस फिल्म में काम मिला था। बहुत कम समय ये एक्टिंग की दुनिया में रही और फिर अचानक इंडस्ट्री से गायब हो गईं। अपनी इस डेब्यू फिल्म के बाद लगभग 5 साल के अपने एक्टिंग करियर में चांदनी ने करीब 10 फिल्मों में काम किया लेकिन डेब्यू जैसा स्टारडम उन्हें दोबारा नहीं मिला।

### टॉलीवुड

## 'पुष्पा 2' से पहले रिलीज हो रही गैंग ऑफ गोदावरी, भूल जाएंगे अल्लु की फिल्म



मुंबई। पिछले कई बरसों से साउथ सिनेमा बॉलीवुड से बेहतरीन और दमदार कंटेंट दे रहा है। गैंगस्टर ड्रामा में 'केजीएफ', 'पुष्पा' और 'सालार' जैसी फिल्में ब्लॉकबस्टर साबित हुई हैं। 'पुष्पा 2' अल्लु अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर यह फिल्म अगस्त में रिलीज होगी।इन सबके बीच, 'पुष्पा' जैसी या उससे बड़ी गैंगस्टर फिल्म का ट्रेलर का लॉन्च हो चुका है। इस फिल्म की तुलना अल्लु अर्जुन की 'पुष्पा' से हो रही है. यह एक गैंगस्टर ड्रामा है। फिल्म का नाम 'गैंग ऑफ गोदावरी' है। फिल्म का ट्रेलर देखकर आपको 'पुष्पा' के कई सींस याद आ जाएंगे। फिल्म की कहानी एक गांव के लड़के के गैंगस्टर जर्नी को दिखाया गया है। वह पुलिस और नेताओं से पंगा लेता है। 'गैंग ऑफ गोदावरी' में श्रीवल्ली-पुष्पा की तरह रोमांटिक जोड़ी देखने को मिल रही है। फिल्म में विश्वाक सेन ने लीड रोल निभाया है। फिल्म पहले 17 मई को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 31 मई को रिलीज होगी। फिल्म में विश्वाक सेन के अलावा, अंजलि, राव रमेश, नेहा शेट्टी, साई कुमार, गोपराजू रमाना और 'बिग बॉस 17' वाली आयशा खान समेत कई प्रतिभाशाली कलाकार हैं। विश्वाक सेन की पिछली फिल्म 'गामी' को बॉक्स ऑफिस पर काफी सराहा गया। इस फिल्म की सिनेमैटोग्राफी और डायरेक्शन इंटरनेशनल लेवेल के रहे। ओटीटी पर रिलीज होने के बाद इसे पहले से ज्यादा पॉपुलैरिटी मिली। यह ओटीटी प्लेटफॉर्म पर जी5 स्ट्रीम हुई है।

### भोजपुरी

## अक्षरा सिंह का नया भोजपुरी सॉन्ग 'अदा कातिलाना' रिलीज



भोजपुरी क्वीन अक्षरा सिंह न सिर्फ अपनी खूबसूरती बल्कि अपनी आवाज और एक्टिंग के दम पर फैंस के दिलों पर राज करती हैं। अक्षरा ने अब तक के करियर में कई सुपरहिट भोजपुरी गानें दिए हैं। अक्षरा ने भोजपुरी इंडस्ट्री के साथ-साथ बॉलीवुड में भी अपनी पहचान बनाई है। इसी बीच अब अक्षरा का एक नया गाना रिलीज हुआ है। इस गाने का टाइटल 'अदा कातिलाना' है। इस गाने ने रिलीज होते ही धमाल मचा दिया है। अक्षरा सिंह के नए गाने 'अदा कातिलाना' को किसी और ने नहीं, बल्कि बॉलीवुड के जाने माने कोरियोग्राफर मुदस्सर खान ने कोरियोग्राफ किया है। मुदस्सर बॉलीवुड के कई बड़े सुपरस्टार्स को कोरियोग्राफ कर चुके हैं। 'अदा कातिलाना' गाने में अक्षरा की अदाएं देखते ही बन रही है। पीले रंग की ड्रेस में एक्ट्रेस की खूबसूरती देख हर कोई दीवाना हो रहा है। अक्षरा सिंह का यह गाना टी- सीरीज हमार भोजपुरी यूट्यूब चैनल पर रिलीज हुआ है। देखते ही देखते गाना तेजी से वायरल होने लगा है। अक्षरा सिंह ने अपने इस गाने 'अदा कातिलाना' को लेकर कहा कि ये गाना लोगों को झूमने पर मजबूर कर देगा। इस गाने में आपको न ही अश्लीलता है और न फूहड़पन देखने को मिलेगा। ये एक फुल एंटरटेनिंग सॉन्ग है। उम्मीद है दर्शकों को मेरा ये गाना पसंद आए। 'अदा कातिलाना' गाने के गीतकार आजाद सिंह और संगीतकार विशाल सिंह हैं। गाने के निर्देशक और कोरियोग्राफर मुदस्सर खान हैं।

## लाइफ स्टाइल

## रद्दी कपड़ों से बनाया आउटफिट

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर लाइमलाइट में बनी रहती हैं। अब एक बार फिर जेनेलिया अपने लुक को लेकर चर्चा में हैं। दरअसल, जेनेलिया हाल ही में एले सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड्स में पहुंची थीं। यहां उन्होंने अपने जबरदस्त स्टाइल और क्यूट स्माइल से सबका दिल जीत लिया। इवेंट के लिए जेनेलिया ने खुद को स्टाइल करने के लिए अपने पुराने कपड़ों का इस्तेमाल किया। उन्होंने अपने पुराने कपड़ों का इस्तेमाल करते हुए खास आउटफिट तैयार करवाया था जिस कारण वे काफी कॉन्फिडेंट भी लग रही थीं। खासकर एक्ट्रेस के कस्टम मेड जैकेट, स्कर्ट सेट ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींच लिया।



## घरेलू नुस्खे दूर करेंगे कोहनी का कालापन, स्किन में आएगी चमक

कोहनी और घुटने में कालापन आना बहुत से लोगों की समस्या होती है। स्किन की ये प्रॉब्लम कई कारणों से हो सकती है। अगर बॉडी की ठीक से क्लीनिंग न की जाए तो भी कोहनी और घुटनों में कालापन आने लगता है। कोहनी का कालापन कई बार लोगों के बीच शर्मिंदगी का कारण भी बन जाता है। आप अगर कोहनी का कालापन दूर करने के तरीके अपनाकर हार चुके हैं तो कुछ घरेलू नुस्खे आपको इस परेशानी से निजात दिला सकते हैं।

कोहनी और घुटने का कालापन कई वजह से हो सकता है। इसे दूर करने में कुछ घरेलू नुस्खे असरदार साबित होते हैं। इन होम रेमेडीज़ को आजमाने से कुछ दिनों में फर्क दिखाई दे सकता है। इन घरेलू नुस्खों से न सिर्फ स्किन का कालापन दूर होता है, बल्किन त्वचा पर चमक भी आती है। सिर्फ 5 रुपये के खर्च में ही इन घरेलू नुस्खों को आज़माया जा सकता है। आइए जानते हैं इन होम रेमेडीज़ के बारे में।



### बेकिंग सोडा व नारियल तेल

कोहनी व घुटनों के काले दाग को दूर करने 1 चम्मच बेकिंग सोडा में 2 चम्मच दूध या दही मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे कोहनी पर लगाकर 10-15 मिनट रखें, फिर धो लें। हफ्ते में 2-3 बार करें। नारियल तेलः रोजाना सोने से पहले कोहनी पर नारियल तेल लगाकर मालिश करें।

### नींबू-आलू-हल्दी का करें प्रयोग

आधे नींबू को काटकर, उससे कोहनी रगड़ें। 10 मिनट बाद धो लें। दिन में 2 बार करें। इसी प्रकार आलू काटकर, उससे रस निकाल लें। रस को कोहनी पर लगाकर 15 मिनट रखें, फिर धो लें। रोजाना करें। घरेलू नुस्खों में 1 चम्मच हल्दी पाउडर में 1 चम्मच शहद या दूध मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे कोहनी पर लगाकर 20 मिनट रखें, फिर धो लें। हफ्ते में 2-3 बार करें।

### इन बातों का रखें ख्याल

रोजाना सनस्क्रीन लगाएं। कठोर सतहों पर घुटने, कोहनी टेकने से बचें। नियमित रूप से स्क्रब करें। पानी भरपूर मात्रा में पिएं। अगर कालापन ज्यादा है, तो डॉक्टर से सलाह लें। इन उपायों को करने से धीरे-धीरे कोहनी का कालापन कम होगा और त्वचा मुलायम और गोरी हो जाएगी।

## समर कैंप व फंक्शन में जाने खूबसूरत लुक तो कैरी करें साड़ी, अनारकली सूट

फैशन





इन दिनों गर्मी अपनी चरम पर है। अनेक जगह सामाजिक कार्यक्रम व समर कैंप वगैरह आयोजित हो रहे हैं। ऐसे में अगर आपको किसी फंक्शन में शामिल होना हो तो ऐसी ट्रेडिशनल ड्रेसेस ही सेलेक्ट करना चाहेंगी जो पहनने में आसान हों। साथ ही जिनमें आपको कलर और फैब्रिक की अच्छी रेंज भी मिल जाए। इन दोनों के लिहाज से किस तरह के ट्रेडिशनल ड्रेसेज़ आप सेलेक्ट कर सकती हैं, यहां हम डिटेल में बता रहे हैं। अब इनमें से अपनी पसंद की ड्रेस सेलेक्ट करिए और पाइए अट्रैक्टिव-इंप्रेसिव लुक।

**यलो कलर साड़ी :** सोबर कलर्स वाली ड्रेसेस में यलो यानि पीला रंग परफेक्ट माना जाता है। इसलिए आप चाहें तो यलो कलर की साड़ी पहन सकती हैं। आजकल यलो कलर में भी बहुत से शेड्स की ड्रेसेस मिलने लगी हैं। यलो कलर ज्यादा ब्राइट न होकर आपको सोबर और ब्यूटीफुल लुक देता है। आप चाहें तो यलो कलर की साड़ी पहनकर इन फेस्टिवल्स में स्पेशल लुक कैरी कर सकती हैं।

**ग्रीन कलर लहंगा :** अगर आपको कुछ ट्रेडिशनल पहनना है तो आप ग्रीन कलर का लहंगा भी ट्राई कर सकती हैं। आजकल ट्रेडिशनल ड्रेसेस में ग्रीन कलर काफी इन है। इसमें भी पेस्टल ग्रीन को अधिकतर महिलाएं काफी पसंद करती हैं। इस कलर के लहंगे पहनने पर आपका लुक और भी अधिक अट्रैक्टिव नजर आएगा। ग्रीन कलर लहंगों की बात करें तो इनमे प्रिंटेड लहंगे काफी पसंद किए जा रहे हैं, क्योंकि ये देखने में बेहद सुंदर लगते हैं। इनमें कॉटन फैब्रिक मिल जाएगा, जिससे आपको समर सीजन में इन्हें पहनने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।


**रेड कलर्ड धोती सलवार-सूट :** आजकल धोती सलवार सूट का काफी ट्रेंड है। इनमें भी आप अगर लाल रंग का सलवार-सूट आउटफिट पहनते हैं तो ये और भी सुंदर नजर आते हैं। इन्हें आप कंट्रास्ट में भी पहन सकती हैं। जैसे, कुर्ता रेड कलर में और धोती ग्रीन या यलो कलर में। इस तरह के कंट्रास्ट भी इन सूट्स में काफी चलते हैं। साथ ही इनमें आप फैब्रिक अपनी पसंद का ले सकती हैं। चाहे आप कॉटन में इन्हें पहनें या फिर जॉर्जट में, इनका लुक सभी में अच्छा लगता है।

## गोल्डन लहंगे में छाईं सान्या मल्होत्रा, पार्टी लुक में छिपे हैं कई फैशन टिप्स

महिलाएं एक्ट्रेस के स्टाइल और लुक से कुछ फैशन टिप्स अपना सकती हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर गोल्डन कलर के लहंगे में कई तस्वीरें शेयर की हैं, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. लोग उनकी मासूम अदाओं के दीवाने हो रहे हैं। सान्या मल्होत्रा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में गोल्डन ब्लाउज, मैचिंग लहंगा और दुपट्टे में शानदार पोज देती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने मेकअप के लिए न्यूड लिप्स, गोल्डन आईशैडो, विंग्ड आईलाइनर, हाइलाइटेड चिक्स और मैरून बिंदी को चुना।

### हेयरस्टाइल भी कुछ रही अलग ढंग की


सान्या ने अपने घुंघराले बालों का जूड़ा बनाया हुआ है। सान्या ने अपने लुक को गोल्डन एथनिक चोकर नेकलेस, मैचिंग इयररिंग्स और एक रिंग के साथ पूरा किया। एक्ट्रेस ने पोस्ट के साथ दिए कैप्शन में लिखा, 'थ्रोबैक थर्सडे।' इसके बाद, उन्होंने फुल मून फेस इमोजी ड्रॉप की। महिलाएं एक्ट्रेस के स्टाइल और लुक से कुछ फैशन टिप्स अपना सकती हैं.।



## लाइट मेकअप से दें चेहरे को नेचुरल लुक ये टिप्स अपनाएं, दिखेंगी बेहद खूबसूरत

आजकल हर किसी को लाइट मेकअप करना पसंद होता है और सिंपल मेकअप की आपके नेचुरल त्वचा में निखार लाता है। लेकिनहर किसी का मेकअप करने का तरीका बिल्कुल अलग होता है। ऐसे में आज हम आपको ब्यूटीशियन एक्सपर्ट के मेकअप टिप्स बताने जा रहे है। जिसे आप भी ट्राई कर सकती हैं। आजकल हर किसी को लाइट मेकअप करना पसंद होता है। ऐसे में हम आपको कुछ टिप्स बताने जा रहे हैं। जिसे फॉलो करके आप अपने लुक में चार चांद लगा सकती हैं।

**फेस क्लीनिंग:** सबसे पहले फेस क्लीनिंग जरूरी है। चेहरे पर चमक लाने के लिए मेकअप करने के दो घंटे पहले एलोवेरा जैल लगा लें। इससे जब आप मेकअप करेंगी तो आपके मेकअप पर एक अलग सी चमक नजर आएगी। इसके बाद अपना चेहरा फेस वॉश से धो लें और फिर एक अच्छे मॉयश्चराइजर को फेस पर इस्तेमाल करें। इससे आपके चेहरे की ड्राइनेस खत्म होगी और फेस स्किन को नमी मिलेगी। इस तरह आपका चेहरा मेकअप के लिए तैयार हो जाएगा।



**प्राइमर:** किसी भी प्रकार का मेकअप करने से पहले जरूरी होता है कि मॉयश्चराइजेशन के बाद प्राइमर लगाएं, जिससे चेहरे की त्वचा एक सार नजर आती है। इस तरह आपका बेस तैयार हो जाएगा। ऐसा करने से आपका मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहेगा। प्राइमर लगाने का एक और फायदा होता है कि इससे चेहरे पर पड़े दाग-धब्बे नजर नहीं आते हैं।

**फाउंडेशन:** जब आप प्राइमर को पूरे चेहरे पर लगा लेती हैं तो उसके बाद नंबर आता है फाउंडेशन लगाने का। फाउंडेशन को सही तरीके से लगाना जरूरी है, नहीं तो जगह-जगह पर पैच नजर आने लगता है। इसके लिए आप फाउंडेशन में कोई फेस क्रीम मिला लें, जिससे फाउंडेशन पूरे चेहरे पर अच्छी तरह से मिक्स होकर लग चाएगा।

कार्नर न्यूज

## सस्ती हाई हील्स खड़ी कर सकी हैं परेशानियां

## हाईहील्स खरीदें तो अच्छी ब्रांड की, पैरों में नहीं होगी तकलीफ, दिखेंगी कॉन्फिडेंट

अगर आप फैशन पसंद करती हैं और तरह तरह के फुटवेयर का शौक भी रखती हैं तो आपके वार्डरोब में भी हाई हील्स जरूर होगा. ये दिखने में क्लासी होते हैं और आपके लुक्स को मिनटों में ग्लैमरस बनाने का काम करते हैं। हालांकि हील्स की शौकीन लड़कियों के मन में यह सवाल हमेशा रहता है कि क्या ऐसा कोई तरीका है जिससे हील्स पहनने में कंफर्टेबल हो और दर्द से बचा जा सके? तो इसका जवाब है हां। हम आज आपके लिए कुछ ऐसे सिंपल लेकिन अमेजिंग ट्रिक्स लेकर आए हैं जिसकी मदद से आप घंटों हील्स पहनकर घूम सकती हैं और वो भी बिना परेशान हुए।



### हाई हील्स पहनते वक्त रखें इन बातों का ख्याल

हमेशा अपने साइज के ही जूते खरीदें। अगर आपको अधिक देर तक हील्स पहनना पसंद है तो बेहतर होगा कि एक नंबर साइज बड़ा शूज लें। इस तरह ये आपको काटेंगे नहीं और आप इनमें कुशन डालकर इन्हें कंफर्टेबल बना पाएंगी। जब भी हील्स खरीदें अच्छी ब्रांड के ही खरीदें। अगर आप पैसे बचाने के चक्कर में सस्ती हील्स लेंगी तो ये आपकी स्किन पर रैश बना सकते हैं और पैर की स्किन पर घाव हो सकता है। अगर आप नई हील्स ली हैं तो इसे घर पर कुछ घंटे पहनकर जरूर रहें। अगर आप इन्हें अधिक कंफर्टेबल बनाना चाहती हैं तो मोजे के साथ इसे पहनें और दो दिन तक इसे घर पर पहनकर खूब चलें। इस तरह ये कंफर्टेबल हो जाएंगे।

### इन टिप्स से भी करें परेशानियों को दूर

नए हील्स को इवेंट पर ट्राई करने से बेहतर होगा कि आप एक जापानी ट्रिक फॉलो करें। इसके लिए आप अपने पैरों को गीला कर लें और फिर गीले पैरों में कुछ घंटों के लिए हील्स पहनकर रहें। इस तरह ये ढीले हो जाएंगे।



### पेंसिल की बजाय ब्लॉक हील्स, हील्स ग्रिप्स अधिक कंफर्टेबल

अगर आप पेंसिल हील्स की बजाय ब्लॉक हील्स पहनें तो आप अधिक कंफर्टेबल महसूस करेंगी। ये हील्स कंफर्टेबल होते हैं और अंगूठों पर ज्यादा दबाव नहीं बनता है। आप बाजार से हील ग्रिप्स या हील्स पैड्स खरीद सकती हैं। ये जेली के बने कुशन होते हैं जिन्हें हील्स के पीछे चिपकाया जा सकता है। आप चाहें तो कटने वाली जगहों पर पहले से ही हैंडीप्लास्ट लगाकर स्किन को गार्ड कर सकती हैं।